Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 40 | सोमवार, 10 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-14 | मूल्य-एक रुपया



Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 40 | सोमवार, 10 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बीजापुर मुठभेड़ में
# देश के जवानों ने 31 नक्सलियों को मारा

**बीजापुर।**

बीजापुर में महाराष्ट्र बॉर्डर पर जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। 11 वदीर्धारी महिला व 20 वदीर्धारी पुरुष नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं।

बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के इंद्रावती नेशनल पार्क एरिया के बड़े काकलेड व अन्नापुर के जंगलों में हुई मुठभेड़ में 11 वदीर्धारी महिला व 20 वदीर्धारी पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किये गए हैं। हालांकि अभी मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं की गई है। सूत्रों की मानें तो इस मुठभेड़ में कुछ बड़े नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में आज सुबह जिस नेशनल पार्क के



कोर क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है। दरअसल वहां मद्देड़ एरिया कमेटी, तेलंगाना स्टेट कमेटी एवं नेशनल पार्क एरिया कमेटी के बड़े नक्सलियों का जमावड़ा रहा। सूचना के आधार पर डीआरजी, एसटीएफ के करीब 650 से ज्यादा जवानों की पार्टी को लेकर तीन तरफ से रवाना किया गया था। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, 'देश-प्रदेश में कैंसर रूपी नक्सलवाद का अंत तय है। ईश्वर से बलिदान जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'

## युद्ध विराम समझौते के तहत गाजा के प्रमुख गलियारे से इजराइली सेना की वापसी शुरू

**नई दिल्ली।** युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइली सेना ने गाजा के एक प्रमुख गलियारे से हटना शुरू कर दिया है। युद्धविराम समझौते के एक भाग के रूप में इजराइल ने नेत्जारिम गलियारे से अपनी सेनाएं हटाने पर सहमति व्यक्त की थी। यह एक भू-पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी गाजा से अलग करती है। तेल अवीव । हमास के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइली सेना ने गाजा के एक प्रमुख गलियारे से हटना शुरू कर दिया है। युद्धविराम समझौते के एक भाग के रूप में इजराइल ने नेत्जारिम गलियारे से अपनी सेनाएं हटाने पर सहमति व्यक्त की थी। यह एक भू-पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी गाजा से अलग करती है।

इजराइली अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ सैन्य टुकड़ियों की आवाजाही पर चर्चा करने का अधिकार नहीं था। इजराइल ने युद्ध विराम की शुरूआत में फलस्तीनियों को युद्धग्रस्त उत्तरी क्षेत्र में अपने घरों की ओर जाने के लिए नेत्जारिम पार करने की अनुमति देना शुरू कर दिया था। इसके अलावा क्षेत्र से सेनाओं की वापसी समझौते के प्रति एक और प्रतिबद्धता को पूरा करेगी।

# तालिबान के खिलाफ जिन्होंने की मदद, ट्रंप ने उन्हीं को दिया बड़ा धोखा

**तिराना/काबुल।**

तालिबान और आईएस के लड़ाकों के खिलाफ अमेरिकी सेना की मदद करने वाले अफगानी नागरिकों का जीवन अधर में लटक गया है। ऐसा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लिए गए नए निर्णयों के कारण हुआ है।

इन लोगों में वे लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने अमेरिका के सबसे लंबे युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना की मदद के लिए चालक और अनुवादक के रूप में काम किया। इन लोगों को अमेरिका में बसाए जाने की उम्मीद थी, लेकिन ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। ट्रंप द्वारा जारी कार्यकारी आदेशों से अब अफगानों को अमेरिका में सुरक्षा प्रदान करने वाले कार्यक्रम समाप्त हो गए हैं। इससे अमेरिका की मदद करने वाले अफगान असमंजस में हैं। अमेरिका के नए राष्ट्रपति की कार्रवाई से प्रभावित लोगों में शामिल रौशनगर ने कहा कि एसोसिएटेड प्रेस केवल उनके पहले नाम का उपयोग करे, क्योंकि उन्हें तालिबान का डर है। इस तरह के बहुत से अफगान लोग हैं, जिन्हें मदद के बदले अमेरिका ने बेहतर जिंदगी देने का वादा किया था, लेकिन ट्रंप के कदमों के कारण अब उनकी स्थिति अंधकारमय नजर आ रही है।



### अफगानिस्तान में विगत वर्ष 34 हजार भिखारी गिरफ्तार

अफगानिस्तान में पुलिस ने भीख मांगने की संस्कृति को खत्म करने के लिए पिछले साल देशभर से 34 हजार से अधिक भिखारियों को गिरफ्तार किया है। आंतरिक मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि हमने पिछले साल 34,377 भिखारियों को गिरफ्तार किया है। वहीं अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने पिछले सप्ताह पूर्वी नंगरहार प्रांत में 731 किलोग्राम ड्रग्स को जब्त किया है। इसके साथ ही 25 तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है।

## ट्रंप ने पुतिन से की बात, यूक्रेन युद्ध समाप्त करने पर हुई चर्चा



**मॉस्को।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के बारे में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की है। न्यूयार्क पोस्ट ने बताया कि 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच यह पहली आधिकारिक बातचीत हुई है।

उन्होंने यह नहीं बताया कि बातचीत कब हुई थी। पुतिन ने आखिरी बार फरवरी 2022 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बात की थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने न तो रिपोर्ट की पुष्टि की है और न ही इसका खंडन किया है। शुक्रवार को एयर फोर्स वन से साक्षात्कार में, ट्रंप ने न्यूयार्क पोस्ट को बताया कि उनके और पुतिन के बीच कितनी बार बात हुई है, यह न कहना ही बेहतर होगा।

## कांग्रेस की धमकी से डरे मणिपुर सीएम बीरेन सिंह



**नई दिल्ली।**

बीरेन सिंह के इस्तीफे के पीछे की वजह कांग्रेस द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की धमकी बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि सिंह के नेतृत्व से नाखुश बीजेपी विधायक अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस का साथ देने वाले थे।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रविवार को इंफाल में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। खबरों के मुताबिक, बीरेन सिंह के इस्तीफे के पीछे की वजह कांग्रेस द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की धमकी बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि सिंह के नेतृत्व से नाखुश बीजेपी विधायक अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस का साथ देने वाले थे। सिंह के इस्तीफे से पहले, मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंजूरी के बिना पहाड़ी जिलों में प्रमुख प्रशासनिक बदलाव किए गए। सुबह सिंह ने नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, सिंह पार्टी के अंदर और बाहर से दबाव का सामना कर रहे थे। कांग्रेस की ओर से अविश्वास प्रस्ताव की धमकी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के समर्थन वापस लेने और पार्टी के अंदरूनी लोगों के विरोध के चलते उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ा।

## अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक के बाद बोलीं आतिशी
# आप निभाएगी मजबूत विपक्ष की भूमिका

**नई दिल्ली।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार पर आतिशी ने कहा कि पार्टी इसके पीछे के कारणों पर विश्लेषण कर रही है। उन्होंने कहा, 'अभी विश्लेषण चल रहा है कि आप क्यों हारी, लेकिन यह दिल्ली की जनता का जनादेश है, हम जनादेश का सम्मान करते हैं।'

दिल्ली विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी के नवनिर्वाचित 22 विधायकों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद दिल्ली की निवर्तमान सीएम आतिशी ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि



केजरीवाल ने नवनिर्वाचित 22 विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के लिए काम करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। आतिशी ने कहा, 'आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के नवनिर्वाचित 22 विधायकों के साथ बैठक की और सभी विधायकों को दिशा-निर्देश दिए कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के जो भी काम हैं, वह आप विधायकों को ही करने हैं। जनता ने आप के 22 विधायकों पर भरोसा जताकर उन्हें यहां भेजा है और अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी सेवा करें, उनकी समस्याओं का समाधान करें और दूसरी जिम्मेदारी विपक्ष की भूमिका निभाना है और आप विधायकों का काम है कि सरकार बनाने वाली पार्टी जवाबदेह हो।' आतिशी ने कहा, 'भाजपा ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में 2500 रुपये की योजना पारित की जाएगी और 8 मार्च तक दिल्ली की सभी महिलाओं के खाते में 2500 रुपये जमा हो जाएंगे।

## आज से एयरो इंडिया शुरू

**बेंगलुरु।** भारत अत्याधुनिक सैन्य साजोसामान का प्रदर्शन कर पूरी दुनिया को अपनी ताकत दिखाने को तैयार है। बेंगलुरु के येलहंका में सोमवार से शुरू होने वाले एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया में दुनिया नए भारत की सैन्य ताकत और आत्मनिर्भरता की झलक देखेगी। दो साल के अंतराल पर आयोजित होने वाले 15वें एयरो इंडिया की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को एयरो इंडिया 2025 में 'इंडिया पवेलियन' का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एयरो इंडिया नवाचार, रणनीतिक सहयोग और एयरोस्पेस और रक्षा में उत्कृष्टता के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# दिल्ली चुनावों में करारी हार के बाद आतिशी ने पद से दिया इस्तीफा


**नई दिल्ली।**

रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991, 1 की धारा 6 की उपधारा (2) (बी) द्वारा मुझे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, 08 फरवरी, 2025 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग करते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव



में आम आदमी पार्टी की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को सीएम आतिशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंप दिया। आतिशी के इस्तीफे के बाद उपराज्यपाल ने दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग कर दिया। इसके लिए उन्होंने अधिसूचना जारी की। बता दें, कल आए नतीजों में 70 विधानसभा सीटों में से बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आप सिर्फ 22 सीटें ही जीत पाई।

## 2026 तक नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा: शाह



**नई दिल्ली।**

अमित शाह ने रविवार को अपने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है।' छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा। शाह ने बीजापुर मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के कारण देश के किसी भी नागरिक को अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। शाह ने आगे कहा, 'मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न

नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया, ह्यजिला बीजापुर के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए हैं। दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है, दोनों खतरे से बाहर हैं। 2 जवान शहीद हो गए हैं। तलाशी अभियान जारी है।'

# आज फ्रांस के दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर सोमवार से तीन दिवसीय फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। वह 11 फरवरी को मैक्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। एआई समिट के बाद पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी होगी। 12 फरवरी को दोनों नेता प्रथम विश्व युद्ध में बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे। दोनों नेता संयुक्त रूप से मार्सेय में भारत के महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे। फ्रांस से पीएम मोदी अमेरिका जाएंगे। एपी के अनुसार एआई की चुनौतियों और खतरों को लेकर दुनियाभर के नेता मंथन करेंगे। इस समिट का उद्देश्य यह पता लगाना है कि एआई की क्षमता का उपयोग कैसे किया जाए ताकि प्रौद्योगिकी के असंख्य जोखिमों का समाधान हो और सभी को लाभ हो। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस - पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा कर रहे हैं।

### चीन और अमेरिका के बीच एआई पर नया टकराव

ब्रिटेन में 2023 के शिखर सम्मेलन में 28 देशों ने एआई जोखिमों से निपटने के लिए गैर–बाध्यकारी संकल्प लिया था। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब चीन के किफायती एआई टूल डीपसीक के कारण तकनीकी वर्चस्व को लेकर बीजिंग और वाशिंगटन के बीच भूराजनीतिक टकराव को बढ़ गया है।



## संपादक की कलम से

### जानलेवा वायु प्रदूषण

देश की लगातार खराब होती आबोहवा के बावजूद वायु प्रदूषण व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि जन स्वास्थ्य से जुड़ा यह मुद्दा न तो चुनावी घोषणा पत्रों में नजर आता है और न ही नीति–नियंता ही इस विषय पर संवेदनशील नजर आते हैं। नागरिकों के स्तर पर भी हम वह जागरूकता नहीं ला पाए हैं, जिससे वे जनप्रतिनिधियों को वायु प्रदूषण रोकने के लिये कारगर नीति बनाने के लिये बाध्य कर सकें। हाल ही में सामने आए एक शोध का वह निष्कर्ष चौंकाने वाला है कि दक्षिण–पूर्व एशिया में धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़े के कैंसर के मामलों में खासी तेजी आई है। एक नया अध्ययन बताता है कि इस संकट की मूल वजह वायु प्रदूषण ही है। हाल ही में द्यलैंसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में खुलासा किया गया है कि साल 2022 में पच्चीस लाख लोगों में इस बीमारी का पता चला था। हालांकि, इस कैंसर का शिकार होने वालों में ज्यादा संख्या पुरुषों की थी लेकिन महिलाओं की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। वहीं दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी यानी आईएआरसी समेत कई अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने डेटा विश्लेषण के बाद निष्कर्ष दिया कि एडेनोकार्सिनोमा पुरुषों और महिलाओं में कैंसर का एक मुख्य कारक बनता जा रहा है। यानी ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों से शुरू होता है। वर्ष 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों के फेफड़ों के कैंसर के 53 से 70 फीसदी मामले इसी कारक की वजह से सामने आए हैं। यह विडंबना ही है कि जहां एक ओर दुनिया में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन उसके बावजूद धूम्रपान न करने वालों के फेफड़ों में कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। जो कैंसर से संबंधित मृत्यु का पांचवां प्रमुख कारण माना जाता है। निश्चित रूप से दुनिया भर में व्याप्त वायु प्रदूषण के संकट से निबटने के लिये सामूहिक प्रयास व सत्ताधीशों की सक्रियता नजर नहीं आती। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की साल 2024 में आई एक रिपोर्ट में पूरी दुनिया में 81 लाख लोगों के वायु प्रदूषण से मरने का आंकड़ा सामने आया था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अकेले भारत में इक्कीस लाख मौतें वायु प्रदूषण जनित विभिन्न बीमारियों से होने की आशंका है। देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत विभिन्न बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के चिंताजनक आंकड़े अकसर सामने आते रहते हैं। यहां तक कि कई बार देश की शीर्ष अदालत दिल्ली को गैस चेंबर बनाने का आक्षेप लगाती रही है। लेकिन जब वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है तो विभिन्न ग्रैप मानकों के अंतर्गत कार्रवाई फौरी तौर पर की जाती है।



**ललित शर्मा**
संपादक

# गढ़ भी नहीं रहा और सेनापति भी नहीं

मराठी की एक कहावत में गढ़ जीतने को अहम तो बताया गया है, लेकिन गढ़ की जंग में अगर सेनापति का बलिदान हो जाता है तो उस जीत को भी बड़ा नहीं माना जाता। इसी मराठी कहावत की तर्ज पर दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है? अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही।

अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस उम्मीद और सपने को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की जनता ने भरपूर साथ दिया। पहली 54.3 प्रतिशत वोट और 67 सीटें तो दूसरी बार 53.57 प्रतिशत वोट और 62 सीटें देना एक तरह से बेहतर और चमकीले सपनीले भविष्य को लेकर जनाकांक्षाओं का उफान था। कभी बंगला और गाड़ी न लेने, वीआईपी कल्चर को न अपनाने के वायदे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल धीरे-धीरे इसी जनाकांक्षा को भूलते चले गए। दूसरे कार्यकाल में तो वे तानाशाह की तरह खुद को स्थापित करते गए। झूठ और फरेब की राजनीति को ही उन्होंने अपनी सियासी आदत बना लिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की भारी जीत के बाद जैसे उनका खुद पर नियंत्रण नहीं रहा। आम आदमी पार्टी में सिर्फ उनकी ही चलती थी। लोकतंत्र का मुखौटा भी वहां नहीं रह गया था। वैसे भी आम आदमी पार्टी को पहली आर्थिक मदद देने वाले प्रशांत भूषण,. वैचारिक आधार तैयार करने वाले योगेंद्र यादव और प्रोफेसर आनंद कुमार के साथ ही अपने साथी रहे कुमार विश्वास को पार्टी से पहले ही बाहर कर चुके थे। उनके साथ रहे उनके आंदोलन के दिनों के साथी मनीष सिसोदिया और स्वाति मालीवाल। हालांकि उनके शासन के आखिरी दिनों में जिस तरह स्वाति की मुख्यमंत्री के घर में ही पिटाई हुई, उसने केजरीवाल के स्वभाव की एक तरह से कलई खोल दी।

केजरीवाल ने अपने पहले कार्यकाल में बेशक अच्छे कार्य किए। मोहल्ला क्लीनिक का विचार दिया और उसे लागू किया। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया, दो सौ यूनिट तक बिजली और एक सीमा तक पानी मुफ्त दिया। महिलाओं को फ्री में बस यात्रा की सहूलियत दी। लेकिन इसके साथ ही दिल्ली में भ्रष्टाचार बढ़ता गया। दो साल पहले के चुनाव में नगर निगम पर भी उनका कब्जा हो गया। इसके पहले दिल्ली की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम पर अपना नियंत्रण ना होने का बहाना बनाते रहे थे, लेकिन अब वह बहाना भी नहीं रहा। फिर भी दिल्ली गंदी होती चली। दिल्ली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली डीटीसी के बेड़े से बसें कम होती चली गईं।



केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए। शुरू में उनकी बहानेबाजी तो चली, लेकिन बाद में लोगों ने समझना शुरू कर दिया कि वे सिर्फ हवा-हवाई दावे करते हैं और बहानेबाजी के जरिए खुद को बचा ले जाते हैं। 2022 में पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने महिलाओं को हजार रूपए महीने देने का वादा किया था, लेकिन अब तक उन्हें यह रकम नहीं दे पाए। पंजाब रोडवेज की बसों में महिलाओं को फ्री सहूलियत देने के चलते पंजाब रोडवेज घाटे में है। इसकी वजह से महीनों तक कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही। सूचना और संचार क्रांति के दौर में ये सारी बातें दिल्ली की जनता तक पहुंचती रहीं। इसका असर यह हुआ कि केजरीवाल से लोगों का भरोसा खत्म हो गया।

पिछले दो चुनावों तक केजरीवाल नैरेटिव तैयार करते थे और उनके विपक्षी उसका जवाब देते थे। इस बार भी महिलाओं को 21 सौ रूपए महीने देने और उसके लिए उनके फॉर्म भरवाकर नैरेटिव स्थापित कर दिया था। लेकिन बाद में बीजेपी ने उनकी काट शुरू की। उसने अपना पंद्रह सूत्रीय संकल्प पत्र पेश किया। महिलाओं को 2500 रूपए महीने की सम्मान निधि देने और 200 की बजाय 300 यूनिट बिजली फ्री देने जैसे ऐलान किए। इसका असर वोटरों पर दिखा। इस बीच बीजेपी ने चुनाव प्रबंधन के लिए अपने सारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री उतार दिए। मंडल स्तर तक बड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता भी सक्रिय हुए। भारतीय जनता पार्टी ने बुनियादी स्तर पर अपने कार्यकताओं को सक्रिय किया, जिन्हें मनाने की जरूरत थी, उन्हें मनाया, सबके योग्य जिम्मेदारी दी। सभी कार्यकर्ता सक्रिय हुए। उन्होंने जमीनी स्तर तक काम किया। इसका असर चुनावों में दिखा। केजरीवाल की पार्टी पस्त रही। खुद केजरीवाल भी हारे हैं, उनके विश्वस्त मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और राखी बिड़लान जैसे नाम चुनावी जंग में खेत रहे हैं।

बीजेपी की जीत में कुछ हिस्सेदारी कांग्रेस भी है। हालांकि उसे पिछले चुनाव की तुलना में महज दो फीसद ज्यादा वोट मिले हैं। कांग्रेस को भले ही समर्थन नहीं मिला। कुछ एक जगहों को छोड़ दें तो उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर भी नहीं रहे। लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार और उनके बड़बोलेपन के खिलाफ माहौल बनाने में योग जरूर दिया। दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने खुलेआम मोर्चा खोल रखा था। उन्होंने कहा था कि अपनी मां के अपमान का बदला वे जरूर लेंगे। संदीप खुद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से मैदान में उतरे और केजरीवाल की हार की पटकथा लिखने में मदद की। कांग्रेस ने भी मान लिया है कि उसका असली दुश्मन भारतीय जनता पार्टी की बजाय आम आदमी पार्टी है। इसलिए उसने अपना सारा ध्यान आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और उसके खिलाफ रहा। केजरीवाल के शीश महल का सवाल भले बीजेपी ने उठाया, लेकिन जिस आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल जेल गए थे, उसका भंडाफोड़ कांग्रेस के नेता अजय माकन ने ही किया था। जनता के बीच वे सादगी के साथ आए थे, इसलिए लोगों को उनका शीश महल स्वीकार नहीं हुआ। केजरीवाल ने चुनाव के आखिरी वक्त में एक और गलती कर दी। उन्होंने यह कहकर बीजेपी पर हमला बोला कि उसकी हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिला दिया है ताकि दिल्ली वालों का नुकसान हो। इस बात को जनता स्वीकार नहीं कर पाई। जनता ने माना कि केजरीवाल का भी यह भी एक बहाना है, उस वायदे को ढकने के बहाना है, जिसके तहत उन्होंने यमुना को पांच साल में साफ करने और उसमें नहाने का वादा किया था।

दिल्ली में राजनीतिक माहौल बदल चुका है। अब बीजेपी के सामने जिम्मेदारियों की लंबी लिस्ट है। उसकी जिम्मेदारी है कि वह राजधानी को खुशहाल ही नहीं, पर्यावरण अनुकूल और साफ भी बनाए। केजरीवाल के लिए यह चिंतन का वक्त है। उनका गढ़ भी छिन गया है और सेनापति भी नहीं रहे। ऐसे में सेना का उठ खड़ा होना आसान नहीं, वे उठ पाएंगे या नहीं, उनकी राजनीति में बदलाव आएगा या नहीं, यह तो वक्त ही बता पाएगा। – **उमेश चतुर्वेदी**

**उदय किशोर साह**

**मोहब्बत की राहें**

**कविता**



मोहब्बत की राहें में अंगारे हैं हजार
आजा मेरी जानम चलें दरिया के पार
पर्णकुटी बना कर जी लेगें हम यार
जग वालों से ना डरेगें किया है मैंने प्यार

तेरी दामन थाम कर सहेगें हम हर वार
जनम जनम का साथी जीयेगें साल हजार
हर जनम में लेगें जनम हम बार बार
क्या करेगा जमाना हमको है तुमसे प्यार

कर ले कोई हमसे करना है जो तकरार
हम भी जवाब तब देगें जुबां बने तलवार
दो बदन एक जिस्म है देख ले ओ संसार
हर जनम का हमराही हूँ लेगें जनम हजार

ना झुका है कभी मोहब्बत लाख करो तूँ रार
कहने दो जग वाले को हम ने किया इकरार
हाँ हम से है मोहब्बत हम पे है तुम्हें एतबार
प्यार किया है हमने प्यार से रंगा है संसार

दु:ख सुख की धारा में जीवन हो अपन गुलजार
जब पायल की छुन छुन छनकायेगी बहेगी रसधार
सेलह श्रृंगार कर आना रंग फिजां में आ जाये बहार
प्यार किया है मैंने हर जनम में हर तुमसे मेरे यार

# भीख मांगने की प्रथा: मदद की गुहार या एक सुनियोजित धंधा?



भारत में भीख मांगना धार्मिक दान से जटिल सामाजिक-आर्थिक समस्या बन गई है। व्यस्त सड़क पर, हाथ बढ़ाना मदद के लिए पुकार जैसा लग सकता है, लेकिन इसमें अक्सर व्यवस्थित उपेक्षा, संगठित अपराध और शोषण का जाल छिपा होता है। सहानुभूति जीतने के लिए नशीले पदार्थ दिए जाने वाले शिशुओं से लेकर स्कूल से उठाकर सड़कों पर फेंक दिए जाने वाले बच्चों तक, भीख मांगना सिर्फ.मदद के लिए पुकार से कहीं ज्यादा है; यह हमारी सामूहिक कमजोरियों की आलोचना है। बाल भिखारी अभी भी इस समस्या का सबसे परेशान करने वाला हिस्सा है। इस चक्र को तोड़ने के लिए, यह जरूरी है कि इन बच्चों को संरक्षित और शिक्षित किया जाए। कमजोर, खास तौर पर बच्चे और विकलांग लोगों का संगठित भीख मांगने वाले गिरोहों द्वारा फायदा उठाया जाता हैं। भिक्षा देने से जुड़ी प्रथाएँ अक्सर भीख माँगने को बढ़ावा देती हैं। अधिक उद्देश्यपूर्ण दान को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक शिक्षा पहल शुरू करना जरूरी है। –**प्रियंका सौरभ**

भारत में सार्वजनिक रूप से भीख मांगने की प्रथा मनरेगा और स्माइल जैसे व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बाद भी आम है। आंकड़ों के अनुसार, 413 लाख से अधिक लोग अभी भी इस प्रथा में लिप्त हैं, जो दीर्घकालिक गरीबी, कम साक्षरता और सरकारी हस्तक्षेप के बावजूद काम के अवसरों की कमी जैसी अंतर्निहित सामाजिक आर्थिक कमजोरियों को रेखांकित करता है। बड़े बच्चों को भीख मांगना सिखाया जाता है, जबकि शिशुओं को बीमार दिखने के लिए नशीला पदार्थ दिया जाता है। कुछ ने कभी कक्षा में कदम नहीं रखा है और कई ने जल्दी पैसे कमाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगाकर स्कूल छोड़ दिया है। हाल के आँकड़े बताते हैं कि भारत में स्कूल छोड़ने वाले बच्चे कितने आम हैं, खासकर किशोरों में। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 18 वर्ष की आयु के 25 प्रतिशत बच्चे बुनियादी पढ़ने के कौशल से जूझते हैं और 32.6 प्रतिशत स्कूल छोड़ देते हैं। विकलांग लोगों का फायदा उठाया जाता है क्योंकि वे भिखारी के तौर पर अधिक पसंद किए जाते हैं। जब मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति का इलाज नहीं किया जाता है, तो लोग शोषण और निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं।

भारत में 400, 000 से ज्यादा नियमित भिखारी रहते हैं; उनकी दुर्दशा कई तरह के कारकों से उपजी है, जिसमें संगठित भीख मांगने वाले गिरोह, गरीबी, विकलांगता और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापन शामिल हैं समाज के सबसे कमजोर सदस्यों को शिकार बनाकर और लगभग दंड से मुक्त होकर काम करके, इन सिंडिकेट ने गरीबी को एक लाभदायक उद्यम में बदल दिया है। 81, 000 से ज्यादा भीख मांगने वाले लोगों के साथ, पश्चिम बंगाल भारत में सबसे ज्यादा भीख मांगने वाला राज्य है, उसके बाद आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश हैं। गरीबी, ग्रामीण-शहरी प्रवास और आसानी से सुलभ सहायता नेटवर्क की कमी इन क्षेत्रों में भिखारियों की बढ़ती संख्या में योगदान देने वाले कुछ सामाजिक-आर्थिक कारक हैं। भारत में, कई कल्याणकारी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बावजूद भीख मांगने की प्रथा जड़ जमाए बैठी सामाजिक-आर्थिक कमजोरियों के कारण बनी हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कल्याणकारी कार्यक्रम अक्सर खराब क्रियान्वयन, भ्रष्टाचार और प्राप्तकताओं के बीच जागरूकता की कमी के कारण विफल हो जाते हैं। स्माइल जैसी योजनाएँ, जो आश्रय और आजीविका सहायता प्रदान करती हैं, कई भिखारियों को अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हैं।

विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी झुग्गियों में, जो लोग घोर गरीबी में जी रहे हैं, उनके पास जीवित रहने के लिए भीख माँगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मनरेगा जैसे गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के साथ भी, 413, 000 से अधिक लोग भीख माँग रहे थे। भीख माँगने वाले व्यक्तियों में अक्सर औपचारिक शिक्षा और रोजगार योग्य कौशल की कमी होती है, जो औपचारिक रोजगार के अवसरों तक उनकी पहुँच को सीमित करता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत पेश किए गए व्यावसायिक प्रशिक्षण से भिखारियों और अन्य हाशिए के समूहों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुँचा जा सका है। ट्रांसजेंडर लोग और विकलांग लोग कमजोर समूहों के दो उदाहरण हैं जिन्हें समाज द्वारा उपेक्षित किया जाता है और मुख्यधारा के आर्थिक अवसरों से बाहर रखा जाता है। कई लोग ट्रैफिक सिग्नल पर भीख माँगने के लिए मजबूर होते हैं क्योंकि उन्हें ट्रांसजेंडर कल्याण कार्यक्रमों के बावजूद भी स्वीकार नहीं किया जाता है। कमजोर लोगों को आपराधिक नेटवर्क द्वारा अपहरण कर लिया जाता है, जो फिर उन्हें भीख माँगने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे इस चक्र को तोड़ना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में पुलिस ने 2023 में पचास बच्चों को बचाया, जिन्हें तस्करी के गिरोह द्वारा भीख मांगने के लिए मजबूर किया गया था।

भारत में भीख मांगने की प्रवृत्ति के बने रहने का एक मुख्य कारण यह है कि यहाँ कोई केंद्रीकृत डेटाबेस नहीं है जो भीख मांगने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास में मदद करने के लिए केंद्रित हस्तक्षेप की अनुमति दे सके। राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए नगरपालिका रिकॉर्ड का उपयोग करने का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का सुझाव भिखारियों के बारे में भरोसेमंद जानकारी की कमी की ओर ध्यान आकर्षित करता है। पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी और भीख मांगने पर निर्भरता तब बनी रहती है जब भीख मांगने वाले बच्चों को औपचारिक शिक्षा तक पहुँच से वंचित कर दिया जाता है। आउटरीच पहलों की कमी के कारण, कई बच्चे अभी भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नामांकित नहीं हैं। मादक द्रव्यों के सेवन और अनुपचारित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण लोग भीख मांगते हैं और गरीबी में रहते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सलाह स्माइल कार्यक्रम के तहत आश्रय गृहों में नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं की कमी को उजागर करती है। बेरोजगारी के कारण ग्रामीण-से-शहरी प्रवास के कारण शहरी भीड़भाड़ के कारण, प्रवासियों को भीख मांगने के लिए मजबूर होना पड़ता है। भीख मांगने के खिलाफ कानून संगठित अपराध से निपटने और पुनर्वास प्रदान करने के लिए या तो कठोर हैं या अपर्याप्त हैं। उदाहरण के लिए, बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एक्ट, जबरन भीख मांगने वाले नेटवर्क को जन्म देने वाले अंतर्निहित मुद्दों को सम्बोधित करने के बजाय भिखारियों को अपराधी बनाता है।

भारत में भीख मांगने से निपटने के लिए नीतियाँ, लक्षित कल्याण हस्तक्षेपों को सुविधाजनक बनाने और उनके पुनर्वास को ट्रैक करने के लिए, भीख मांगने वाले लोगों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस स्थापित किया जाना चाहिए और इसे अक्सर अपडेट किया जाना चाहिए। भिखारियों की पहचान करने के लिए, नगर निगम गैर-सरकारी संगठनों के साथ काम कर सकते हैं, जैसा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की मानकीकृत सर्वेक्षण प्रारूपों का उपयोग करने की सिफारिश में सुझाया गया है। संगठित भीख मांगने को रोकने, अपराधियों को दंडित करने और पीड़ितों को अपने पैरों पर वापस खड़े होने में मदद करने के लिए विशेष कानून लागू करें। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा अनुशंसित जबरन भीख मांगने को अवैध बनाने के लिए कानून अपनाने से तस्करी और शोषण करने वाले संगठनों पर रोक लगेगी। लोगों को सम्मानजनक नौकरी खोजने या स्वरोजगार के अवसरों का पीछा करने में सक्षम बनाने के लिए, आश्रय गृहों को कौशल-आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसे कार्यक्रम आश्रय गृहों के साथ मिलकर भिखारियों को बढ़ईगीरी, सिलाई या अन्य व्यवसायों में कौशल सिखा सकते हैं जो उनकी योग्यता के अनुकूल हों। आश्रय गृहों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ प्रदान करें, ताकि अनुपचारित बीमारियों, व्यसन और विकलांगताओं का समाधान किया जा सके।

एनएचआरसी आश्रय गृहों को आयुष्मान भारत लाभों को एकीकृत करने की सलाह देता है, ताकि पुनर्वास से गुजर चुके लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज की गारंटी दी जा सके। बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुँचः शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत, भीख माँगने वाले बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाएँ और सुनिश्चित करें कि उन्हें खाना, कपड़े और सहायता मिले। भिखारी बच्चों के माता-पिता को लक्षित करके विशेष जागरूकता अभियान चलाकर, विशेष रूप से शहरी मलिन बस्तियों में, स्कूलों में नामांकन बढ़ाया जा सकता है। भिक्षा के बजाय पुनर्वास कार्यक्रमों में दान को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रम आयोजित करें। हैदराबाद जैसे शहरों में लोगों को भिखारियों के बजाय सरकारी आश्रयों में दान देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सफल अभियान चलाए गए हैं। भीख माँगना भारत में व्यवस्थित उपेक्षा और संगठित शोषण का एक लक्षण है, न कि केवल गरीबी का प्रतिबिंब। हालाँकि बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एक्ट, 1959 जैसे कानून ने इस प्रथा को रोकने का प्रयास किया है, लेकिन यह अक्सर अपराधियों के बजाय पीड़ितों को अपराधी बनाता है। जवाबदेही और पुनर्वास पर जोर देते हुए, इंदौर में भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध जैसे साहसिक कदम उम्मीद जगाते हैं।

भारत के भिक्षावृत्ति विरोधी अभियान का लक्ष्य दंड के बजाय सशक्तिकरण होना चाहिए। नागरिकों के रूप में भीख मांगने के प्रति हमारी प्रतिक्रियाओं को धर्मार्थ कार्यों के बजाय प्रणालीगत परिवर्तन की दिशा में कदम के रूप में पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। भीख मांगने को समाप्त करने के लिए, हमें लोगों के जीवन को सशक्त बनाना होगा। गरीबी के चक्र को समाप्त करने के लिए, सामाजिक सुरक्षा जाल को मजबूत किया जाना चाहिए, समावेशी शिक्षा की गारंटी दी जानी चाहिए और कौशल विकास को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। एक आत्मनिर्भर भारत जहाँ प्रत्येक व्यक्ति देश की उन्नति में सार्थक और सम्मानजनक योगदान देता है, भिक्षावृत्ति विरोधी कानूनों और समुदाय-संचालित पुनर्वास के सख्त प्रवर्तन के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सात साल बाद सदर बाजार कैंट में हटेगा आउट ऑफ बांड, हत्या होने के बाद लगा था प्रतिबंध

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** कैंट के सदर बाजार में सात साल पहले सेना की ओर से लगाया गया प्रतिबंध अब हटा लिया जाएगा। शनिवार को ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह ने कैंट बोर्ड की बैठक में इसकी पुष्टि की है। दरअसल वर्ष 2018 में सदर बाजार में लांसनायक अनिल कुमार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के मामले में किसी के गवाही देने के आगे न आने पर यह प्रतिबंध लागू किया गया था।

मार्च 2018 में लांसनायक अनिल कुमार को उस वक्त दो गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह साइकिल पर चौराहे से गुजर रहे थे। हत्या करने वाला ध्रुव चौधरी सदर बाजार का ही रहने वाला था, जिसने अनिल कुमार को इसलिए गोली मारी क्योंकि उन्होंने उसके भाई राजेश चौधरी को फौजी दोस्त की पत्नी से छेड़खानी करने पर थप्पड़ मार दिया था। अनिल कुमार की हत्या के वक्त चौराहे पर अच्छी-खासी भीड़भाड़ थी, लेकिन इसके बावजूद अपराधी किस्म के दोनों भाइयों के डर से कोई गवाही देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इससे नाराज होकर तत्कालीन ब्रिगेडियर इंद्रजीत सिंह ने आउट ऑफ बांड लागू कर दिया था।

प्रतिबंध लागू होने के बाद सदर बाजार में किराए पर रहने वाले सैकड़ों फौजी परिवारों को वहां से हटा दिया गया। साथ ही उनके और उनके परिवारों के वहां घूमने-फिरने पर भी रोक लगा दी गई। लंबे वक्त बाद शनिवार को कैंट बोर्ड की बैठक में यह मामला उठा। कई सदस्यों ने घटना पर अफसोस जताते हुए बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह से प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया। इस पर उन्होंने आउट ऑफ बांड हटाने की घोषणा कर दी।

कैंट बोर्ड के सीईओ रवींद्र ने बताया है कि प्रतिबंध हटा लिया गया है। अब सदर बाजार में फौजियों और उनके परिवारों के आने-जाने पर कोई पाबंदी नहीं होगी। इस मौके पर सांसद छत्रपाल सिंह और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल की भी मौजूदगी रही, कैंट बोर्ड की बैठक में व्यापारियों को एक और राहत मिली। दुकानों और मकानों का किराया बढ़ाने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार कर उसे उसकी मांग के मुताबिक कम कर दिया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश ठकराल के मुताबिक कैंट बोर्ड अब तक सभी 89 दुकानों से 68 हजार रुपये का मासिक किराया लेता था। लेकिन बैठक में

जनवरी में किराया और डैमेज चार्ज बढ़ाकर इसे छह लाख करने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। व्यापार मंडल ने इसका विरोध करते हुए 1.20 लाख रुपये किराए का प्रस्ताव दिया था। अब बोर्ड ने 1.20 लाख पर 25 प्रतिशत बढ़ाकर प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कुछ दिन पहले व्यापारियों ने किराया वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन कर सांसद छत्रपाल गंगवार को ज्ञापन सौंपा था। इसी के साथ कैंट क्षेत्र में 24 घंटे पेयजल सप्लाई के प्रोजेक्ट पर बोर्ड 3.87 लाख रुपये खर्च करेगा। 50 लाख रुपये दूसरे विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे। जनरल अस्पताल में टेली मेडिसिन सुविधा शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। तय हुआ कि कैंट के स्कूलों में खेल संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं कैंट क्षेत्र के आरएन टैगोर कॉलेज में भौतिक, रसायन और जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं के जीर्णोद्धार के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। बैठक में सीईओ रविंद्र, नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष शशिकांत जायसवाल, केएल गेरा, मदन सिंह बिष्ट, इमरान खान उर्फ काशिफ, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, अंकित गेरा, आरएल सतीजा, अजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# चरस एवं अवैध स्मैक के साथ एसओजी और कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर।** बागेश्वर पुलिस इन2दिनों अवैध तश्करी करने वालो के खिलाफ सख्ती बरतने लगी है, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों की तश्करी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने, और अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों की तश्करी में लिप्त लोगों का खांका तैयार कर उन पर पैनी नजर बनाते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ अवैध धंधों में लिप्त रहने पर पकड़ धकड़ तेज करने के निर्देश दिए हैं।

वही जिले में पुलिस उपाधीक्षक का प्रभार सम्भालने के बाद सीओ अजय साह ने भी सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध कारोबारियों पर नकेल कसने और लगातार समीक्षा में अवैध तश्करो पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।जिसके बाद पुलिस टीमें अब चौकन्ना हो गई है।वही शनिवार को कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने अलग अलग स्थानों में स्मैक और चरस तश्करो को गिरफ्तार किया है।दोनों मामलों का एसपी चंद्रशेखर घोडके ने रविवार को खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शनविार की शाम कोतवाल कैलाश नेगी ने चीता पुलिस में तैनात पुलिस कर्मियों संग दलबल के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चेकिंग में 23 वर्षीय सुनील कुमार लोहिया उर्फ लुक्का पुत्र स्व. प्रकाश राम निवासी बानरी मंडलसेरा के पास से 6.60 ग्राम स्मैक बरामद की। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख है। इसके अलावासी ओ अजय साह के पर्यवेक्षण में एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन के नेतृत्व में एसओजी की टीम चेकिंग पर थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी की भगवती बैंक्वट हाल के पास एक व्यक्ति चरस लेकर जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने विकास भवन मार्ग पर उसे पकड़ लिया।

चेकिंग में आरोपी के पास से एक किलो, 296 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम राज गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता निवासी सिरोही थाना, भमोरा जिला बरेली उप्र बताया। उसकी उम्र 24 साल है। पकड़ी गई चरस की कीमत ढाई लाख है। एसओजी टीम में हेड कांस्टेबल राजभानु, कांस्टेबल चंदन कोहली, आरक्षी रमेश सिंह व भुबन बोरा आदि शामिल थे। दोनों के खिलाफ 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों को ही न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद अल्मोड़ा जेल भेज दिया है।

## ग्रापए की मण्डलीय कार्यकारिणी घोषित

**संतकबीरनगर।** मण्डल अध्यक्ष डा. संजय द्विवेदी ने मण्डलीय कार्यकारिणी की सूची जारी की है। जिसमें राजेन्द्र नाथ तिवारी- संरक्षक, संजय द्विवेदी- अध्यक्ष, बलराम त्रिपाठी, अवधेश कुमार सिंह, पीएन पाण्डेय( सभी वरिष्ठ उपाध्यक्ष), रितेश बाजपेयी, डॉ. एस के सिंह, विष्णु देव शर्मा( सभी उपाध्यक्ष), कमलेन्द्र पटेल, नफासत रिजवी, बुद्धिसागर मिश्रा( सभी महामंत्री), महेन्द्र श्रीवास्तव, दुर्गेश ओझा, सगीर खाकसार( सभी मंत्री), खगेंद्र नाथ मिश्रा, गिरिजेश त्रिपाठी, रविन्द्र कुमार गुप्ता( सभी संगठन मंत्री), संतोष कसौधन उर्फ पप्पू- कोषाध्यक्ष, सत्यप्रकाश शुक्ला- संप्रेक्षक, मुहम्मद परवेज अख्तर, कृष्णा पाण्डेय, चन्द्रा लाल( सभी मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी), एजाज अहमद, के. के. निर्भीक, बेचू लाल अग्रहरि, उमाकांत शुक्ला, राम नरेश चौधरी, अमरजीत यादव, राजेश कुमार शास्त्री, संतोष पाल, मनीष कुमार मिश्रा, आलोक मिश्रा( सभी कार्यसमिति सदस्य) मनोनीत किये गये हैं।

## बुनियाद टैलेन्ट सर्च परीक्षा जिले के दो सेन्टरों पर कुशलतापूर्क सम्पन्न



**संतकबीरनगर।** बस्ती मन्डल की प्रतिष्ठित व बहुचर्चित प्रतिभा खोज परीक्षा आज रविवार को अपने समयानुसार सकुशल सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में बस्ती मन्डल के दर्जनों स्कूलों से कुल 1209 बच्चों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया था. परीक्षा सन्त कबीर नगर जिले के दो विद्यालयों पर आयोजित की गई। ए.एच इन्टर कालेज उजियार दुधारा में कुल 469 छात्रों में से 436 छात्रों ने परीक्षा दी और 33 बच्चे अनुपस्थित रहे। इसी तरह अवध गर्ल्स इन्टर कालेज कड़जा में 740 में से 598 बच्चों ने प्रतिभाग किया और 142 अनुपस्थित रहे। इस तरह इस वर्ष बुनियाद की परीक्षा में टोटल 1209 रजिस्ट्रेशन में से 1034 बच्चों ने परीक्षा दी और 175 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी। बुनियाद कोआर्डिनेटर मो. सुहेब खान ने बताया कि प्रश्नों को लेकर आपत्तियाँ 10 फरवरी तक ली जाएंगी. परीक्षा परिणाम 16 फरवरी 2025 को जारी किए जाएंगे।

## एडवोकेट आज्ञाराम चौधरी भीम आर्मी के मण्डल महासचिव नियुक्त



**संतकबीरनगर।** भीम आर्मी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश सचान ने एडवोकेट आज्ञाराम चौधरी को मण्डल महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। इस दौरान नवनियुक्त मण्डल महासचिव एडवोकेट आज्ञाराम चौधरी ने कहा कि बस्ती मण्डल के तीनों जनपदों में भीम आर्मी को मजबूत बनाने के लिए लोगों को पार्टी से जोड़ा जायेगा। इस अवसर पर मण्डल संयोजक बृजभान कुमार एडवोकेट, जावेद पठान, राकेश कुमार, पी. के. प्रीत आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज 24 11 2024 से लापता महिला का अभी तक नहीं लगा सुराग




**मथुरा/मांट।** प्रयागराज निवासी महिला उषादेवी उम्र 65 वर्ष पत्नी रवीन्द्रनाथ सिंह मकान नंबर 291 बी न्यायबिहार फेस 2 सुलेम सराय तहसील सदर थाना धूमनगंज प्रयागराज से शाम सात बजे से गायब है। उषादेवी के पति रवीन्द्रनाथ सिंह ने बताया कि उषादेवी शाम सात बजे टहलने के लिए घर से निकली थी लेकिन फिर वो वापस नहीं लौटी उसको सभी जगह तलाश किया लेकिन कही पता नहीं लगा हमने हार थककर थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि कुछ भगत लोगों ने उसको मथुरा वृंदावन में बताया है उषादेवी की उम्र 65 वर्ष है लंबाई 5 फुट 2 इंच,रंग सांवला है। मेहरून रंग की साड़ी व मेहरून रंग का शॉल पहने हुए हैं उन्होंने सभी लोगों से उसे ढूंढने में मदद की गुहार लगाई है मोबाइल नंबर है 9454018349 रवीन्द्रनाथ सिंह।

# संतोष गंगवार और धर्मेंद्र कश्यप ने अपने कार्यकाल में आखिर ऐसा क्या कर दिया जो अब होगी

वेलकम इंडिया/चरण सिंह



**बरेली।** केंद्र सरकार ने बरेली जिले के दोनों संसदीय क्षेत्रों में 17वीं लोकसभा (2019 से 2024) के दौरान कराए गए 80 विकास कार्यों का ब्योरा तलब किया है। बताया जा रहा है कि ब्योरा हासिल करने के बाद केंद्र की ओर से इन विकास कार्यों की थर्ड पार्टी जांच कराई जानी है जिसके लिए एजेंसी का भी चयन कर लिया गया है। डीआरडीए ने रिपोर्ट तैयार करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

विभाग के मुताबिक यह रिपोर्ट केंद्र के साथ नियोजन विभाग लखनऊ को भी भेजी जानी है। 17वीं लोकसभा में बरेली में संतोष गंगवार और आंवला में धर्मेंद्र कश्यप सांसद थे। केंद्र सरकार की ओर से एक अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2024 के बीच दोनों संसदीय क्षेत्रों में कराए गए 80 विकास कार्यों का बिंदुवार ब्योरा मांगा है। इस संबंध में आदेश आने के बाद डीआरडीए ने रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि भेजे जाने के बाद इन विकास कार्यों की जांच कराई जाएगी। इसके लिए थर्ड पार्टी के तौर पर एफसी इंडिया लिमिटेड नाम की एजेंसी का चयन किया गया है। यह एजेंसी उन्हीं कार्यों की जांच करेगी जिनका विवरण भेजा जाएगा।

बताया जा रहा है कि अपनी जांच के दौरान थर्ड पार्टी देखेगी कि मौके पर कार्यों की गुणवत्ता और स्थिति क्या है। जो काम कराए गए थे, उससे जनता को कितना लाभ मिला। जितना पैसा खर्च किया गया, उसकी तुलना में कितनी आबादी को कितना लाभ मिला। डीआरडीए से इसके अलावा सांसद निधि से 2019 से 2024 के बीच कराए गए कार्यों की भी संख्या पूछी गई है। विभाग संतोष गंगवार और धर्मेंद्र कश्यप के 40-40 कार्यों की रिपोर्ट तैयार करेगा। पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव के अनुसार निर्धारित बिंदुओं पर सूचना तैयार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि थर्ड पार्टी जांच के लिए विभाग के एई को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। रिपोर्ट तय बिंदुओं पर देनी होगी। रिपोर्ट में बताना होगा कि सांसद निधि की पहली और दूसरी किस्त कब जारी हुई। समय पर जारी हुई या नहीं, किस वित्तीय वर्ष में कितने काम हुए, उनकी श्रेणी क्या थी और काम करने वाली संस्था कौन थी। किस काम पर कितना खर्च हुआ, काम कब शुरू होकर कब खत्म हुआ, इसके अलावा कार्यवृत्ति प्रमाणपत्र भी मांगा गया है।

# ग्रेट कोचिंग सेंटर नन्दौर का 22वा वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** रविवार को नन्दौर चौराहा पर ग्रेट कोचिंग सेंटर का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया इस आयोजन के मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार मेहदावल रहे और विशिष्ट अतिथि मूडाडीहा बेग इंटर कॉलेज के प्रधाना चार्य मुजीबुर्रहमान रहे मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार मेहदावल ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजके समय में शिक्षा बहुत ही आवश्यक है शिक्षित व्यक्ति ही समाज में सम्मान पा सकता है अन्त में उन्होंने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एकबार फिर शिक्षा पर बल देते हुए अपनी बातों को खत्म किया वहीं विशिष्ट अतिथि ने भी बच्चों से शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही और अपने अनुभव को साझा किया क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोगों ने भी शिक्षा पर बल देते हुए बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही मुख्य रूप से रजी अहमद अंसारी निसार अहमद असरार अहमद सुभाष विश्वकर्मा मोहम्मद असरफ रियाज अहमद अहमद कमाल डॉक्टर मंजर हुसैन वारिस अली अंसारी मास्टर फारूक अहमद मास्टर मकसूद अहमद आदि ने संबोधित किया।

## ब्रजघाट में एसडीएम एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर नाविको को दिए दिशा निर्देश



**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर उपजिला अधिकारी, साक्षी शर्मा एवं पुलिस क्षेत्र अधिकारी स्तुति सिंह ने तीर्थ नगरी ब्रजघाट में मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत हापुड़। थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रांतर्गत ब्रजघाट पर गंगा स्नान को आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत नाविकों को अपनी-अपनी नाव में लाइफ जैकेट रखने एवं अन्य नियमों का पालन करने को लेकर दिए सख्त दिशा निर्देश। मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में नाविकों के द्वारा नाव का संचालन मानकों के अनुसार ही किया जाए। बगैर मानक के नाव का संचालन करने वाले नाविकों के विरुद्ध होगी कार्यवाही।

## बीएसए हुए सख्त दिए सभी बीईओ को निर्देश

**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने मथुरा जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को बीआरसीयों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को तीन कार्यदिवस में सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं साथ ही उनके सीयूजी नंबर को उन कैमरा से लिंक करने के भी निर्देश दिए हैं जिससे कि जनपद की प्रत्येक बीआरसी में समस्त स्टाफ की उपस्थिति एवं होने वाले प्रशिक्षणों की निगरानी की मॉनिटरिंग उनके द्वारा की जा सके।कैमरों के शुरू होते ही स्कूल समय में बीआरसी पर चक्कर लगाने वाले शिक्षकों और प्रशिक्षणों से गायब रहने वाले शिक्षकों पर शिकंजा कस जायेगा।

# मुठभेड़ के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस ने पीसीआर पर लेकर तमंचा-कारतूस बरामद किया

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** 19 जनवरी को थाना हाथरस जंक्शन पुलिस को चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश अपनी स्विफ्ट कार से हाथरस से सिकन्द्राराऊ रोड की तरफ जा रहे है। उक्त सूचना पर चैकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा स्विफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया परन्तु वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। जिसके उपरांत कार्यवाही करते हुए नगला अलिया के पास थाना हाथरस जंक्शन पुलिस की बदमाशो से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त रिषभ उर्फ कान्हा घायल हुआ था व कांबिंग के दौरान तीन अन्य अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उक्त घटना में वांछित अभियुक्त हेमू पुत्र दिनेश की गिरफ्तारी हेतु संभावित प्रयास किए जा रहे थे। जिसके क्रम में अभियुक्त हेमू उपरोक्त द्वारा दिनांक 6 फरवरी को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया था। शनिवार को थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा जिला कारागार अलीगढ में निरूद्ध अभियुक्त हेमू उपरोक्त को न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस कस्टडी रिमाण्ड पर लेकर अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। हेमू पुत्र दिनेश पाल सिंह निवासी गंगचौली थाना हाथरस जक्शन के सम्बन्ध में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# एसपी ने जिला में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अपराध गोष्ठी कर दिए दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस लाईन स्थित जिला प्रशिक्षण इकाई में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ जनपद में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने-अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराध गोष्ठी का आयोजन कर उपस्थित पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ श्यामवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशू माथुर, क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण एवं जनपद के समस्त थाना प्रभारी व शाखा प्रभारी आदि मौजूद रहे। इस दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध गोष्ठी में उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारीगणों को जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढीकरण व अपराध नियंत्रण की रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके पश्चात समस्त राजपत्रित अधिकारी-समस्त थाना प्रभारियों को ई-साक्ष्य एप के माध्यम से ईलैक्ट्रोनिक साक्ष्य संकलन हेतु टेबलेट वितरित किये गये।

ई-साक्ष्य एप आपराधिक घटनाओं के बाद डिजिटल तरीके से साक्ष्य को रिकार्ड कर संरक्षित रखने की सुविधा देता है। इसका उद्देश्य आधुनिक न्याय प्रणाली के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा दोषियों को सजा दिलाना है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा मीटिंग के दौरान आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, शब-ए-बारात, रविदास जयंती, होली आदि के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटियाँ लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा थाना पर मौजूद त्यौहार रजिस्टरो का अवलोकन करने व विगत वर्षो मे हुई घटनाओं की समीक्षा करने हेतु सभी क्षेत्राधिकारीगणों को निर्देशित किया गया तथा होटल व रेस्टोरंट की चैकिंग करने व ज्यादा भीड-भाड वाले इलाकों मे पेट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों के हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की चैकिंग करने व अपराधियो की हिस्ट्रीशीट खुलवाने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अनावरण हेतु शेष अभियोगों के अनावरण करने एवं महिला सम्बन्धी अपराध, पोक्सो एक्ट, ईसी एक्ट, एससी एसटी एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के मुकदमों के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए अधिक से अधिक विवेचनाओं के विधिक निस्तारण एवं लम्बित अभियोगों में गिरफ्तारी हेतु शेष वांछित अभियुक्तों, फरार एवं पुरूष्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के सम्बन्ध सभी क्षेत्राधिकारी-थाना प्रभारियों को निर्दिष्ट किया गया।

# अड़ींग में काटी गई तीन फीट ब्यास की नीम की शाखा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** शनिवार की रात में अड़ींग ग्राम पंचायत में निमार्णाधीन प्रधानमंत्री विश्वकर्मा काम्प्लेक्स में स्थित नीम के भारी भरकम दरख्त की शाखा को काट दिया गया। मौके पर पहुंचे वन कर्मी कुशल सिंह ने पाया कि करीब तीन फीट ब्यास की शाखा काटकर गायब कर दी गई है। उन्होंने ग्राम प्रधान व ठेकेदार को वन विभाग के रेंज कार्यालय में सोमवार को बुलाया है ताकि जांच पूरी कर केस दर्ज किया जा सके। प्रत्यक्ष दर्शियों की मानें तो पेड़ का कटान रात्रि नौ बजे शुरू किया गया। काम्प्लेक्स के मध्य में आ रहे 50 यों वर्ष पुराने पेड़ को कटकर हटाने के लिए ट्रैक्टर व जेसीबी मौजूद थी। इस कटान का पता चलने पर जब फोटो आदि आमजन ने खींचे तो काम बंद कर दिया और नीम की मोटी शाखा को काटकर रात में ही दीवार का निर्माण भी कर दिया। काम्प्लेक्स के बाहर कयी पेड खड़े हैं जिनसे काम्प्लेक्स ठीक से दिख नहीं पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि लोग चौकन्ना न होते तो क्या और कितना काटा जाता कहा नहीं जा सकता। ठेकेदार अधिकारियों के इशारे पर निर्माण में बाधक हर बाधा को बेखौफ हटाने पर आमदा है।

# पग-पग जल सहेलियों की यात्रा, गांव-गांव में जागरूकता

वेलकम इंडिया



**झांसी।** बुंदेलखंड की जल सहेलियों की जल यात्रा आठवें दिन टीकमगढ़ जिले के यात्रा गोर गांव से प्रारंभ होकर जगत नगर तिगैला, मझगुवां तिगैला, खेड़ा, शिवराजपुर, हीरानगर से होते हुए आलमपुर गांव में पहुंची, जहां यात्रा का ठहराव हुआ। जल सहेलियों की यह यात्रा जल संरक्षण की अलख जगा रही है और गांव-गांव में तालाबों, कुओं व नदियों के पुनर्जीवन का संदेश दे रही है।

ग्रामीणों को जल प्रबंधन में भागीदारी के लिए प्रेरित करने के लिए चौपालों का आयोजन किया गया, जहां बुंदेलखंड में सूख चुके जल स्रोतों को फिर से जीवंत करने के उपायों पर चर्चा हुई।

यात्रा में शामिल जल सहेली रानी ने कहा कि अगर हर गांव की महिलाएं जल संरक्षण का संकल्प लें, तो एक भी घर प्यासा नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि कैसे जल सहेलियों ने अपने प्रयासों से सूख चुके जल स्रोतों को फिर से जिंदा किया है। इसी तरह, जल सहेली माया ने कहा कि तालाब, कुएं और नदियों को बचाना केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदान है। उनका मानना है कि जल संकट को हल करने के लिए महिलाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है।

यात्रा के दौरान जल सहेलियों के द्वारा किए गए जल संरक्षण के प्रयासों पर बनी दो प्रमुख फिल्मों का भी जिक्र किया गया। ₹सिस्टम ऑफ अर्थ₹ फिल्म में जल सहेलियों के संघर्ष और योगदान को दिखाया गया है, जबकि ₹बूंद, ब्लू डायमंड₹ फिल्म बुंदेलखंड में पानी की समस्या और उसके समाधान को उजागर करती है। इन फिल्मों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्राम खेड़ा में जल सहेलियों ने एक चौपाल का आयोजन किया, जहां समुदाय को जल संकट और उसके समाधान के बारे में जानकारी दी गई। जल सहेली राम जानकी दीदी ने कुआं पूजन परंपरा के महत्व को समझाते हुए बताया कि कैसे प्राचीन समय में लोग जल स्रोतों का सम्मान करते थे, जिससे वे लंबे समय तक संरक्षित रहते थे।

इसी दौरान विशेषज्ञों ने जल संरचनाओं के पुनर्जीवन, जैविक खेती और मृदा परीक्षण के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया।

यात्रा के दौरान 59 नई जल सहेलियां इस अभियान से जुड़ीं। इस अवसर पर जल सहेली रेखा बहन ने कहा कि जब हर गांव में जल सहेली होगी, तभी जल संकट का समाधान संभव होगा। उन्होंने नई जल सहेलियों को प्रेरित करते हुए जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर जोर दिया।

इस यात्रा के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यात्रा में शामिल समुदाय के लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने गांव के तालाब, कुएं और बावड़ियों को पुनर्जीवित करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे । यात्रा के आठवें दिन पूर्व विधायक पृथ्वीपुर डॉ. शिशुपाल यादव सांसद प्रतिनिधि सुनील शुक्ला, स्थानीय गांव के सरपंच, परमार्थ के कार्यकर्ता सहित कई सैकड़ा जल सहेलियां शामिल हुई ।

## भारत विकास परिषद द्वारा संचालित
# डायलिसिस मशीन की उकलाना में हुई शुरूआत

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** भारत विकास परिषद ,शाखा उकलाना द्वारा रोटरी क्लब उकलाना के विशेष सहयोग से भुना रोड पर रेलवे फाटक के नजदीक सद्भावना हॉस्पिटल उकलाना में डायलिसिस मशीन की शुरूआत आम जनता के लिए आज से कर दी गई है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष गौरव गुप्ता व पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि उकलाना व आस-पास के बहुत से मरीजों को डायलिसिस करवाने के लिए हिसार या अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता था । अब नो प्रॉफिट नो लोस पर उकलाना में भारत विकास परिषद द्वारा डायलिसिस मशीन की सभी सुविधाएं आज सुचारु रुप से डायलिसिस मरीजों के लिए शुरू कर दी गई है।

डॉ गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब उकलाना व रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष बजरंग सोनी जी के विशेष सहयोग से दो डायलिसिस मशीन भारत विकास परिषद को उकलाना में संचालन हेतु प्राप्त हुई जिसे डॉक्टर प्रगट सिंह जी के सहयोग से उनके हस्पताल सद्भावना हॉस्पिटल में स्थापित करने का निर्णय लिया गया । जहां पर यह सुविधा सभी के लिए नो प्रॉफिट नो लॉस पर उपलब्ध करवाई जाएगी व यदि कोई मरीज पैसे देने में सक्षम नहीं है उनके लिए फ्री डायलिसिस सुविधा देने का प्रयास भी किया जाएगा।

आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के लिए भी यहां पर फ्री में डायलिसिस सुविधा उपलब्ध रहेगी

इस मौके पर भारत विकास परिषद के क्षेत्रिय सचिव श्री जिया लाल जी बंसल ,प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री रविंद्र मेहता , रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संदीप चौहान , पूर्व अध्यक्ष बजरंग सोनी, सुगन चंद गोयल, प्रांतीय संयोजक महेंद्र दमनिया , भारत विकास परिषद के अध्यक्ष गौरव गुप्ता , रोटरी क्लब उकलाना के प्रधान महेंद्र सोनी, रोटरी क्लब के सचिव शुगन चंद गोयल, भारत विकास परिषद शाखा सचिव नीरज बंसल, विनोद गोयल आदि सदस्य उपस्थित थे।

# अवैध हथियार के साथ पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार



**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध हथियार लेकर घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा वह दूसरे के कब्जे से चाकू बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली राम सेवक गौतम ने सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में पुलिस को गश्त करने के निर्देश दे रखे हैं। गश्त के दौरान शनिवार की रात्रि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित हुरमुजपुर मोड के निकट दो युवक अवैध हथियार लिए खड़े हुए हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने दो संदिग्ध युवक खड़े दिखाई दिए पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो दोनों युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया पकड़े गए युवकों ने अपने नाम शाकिर व दूसरे ने साहिल निवासी ग्राम गढ़ी दौलत बताया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों युवकों के कब्जे से तलाशी लेने पर शाकिर के पास से तमंचा एवं साहिल के पास से एक चाकू बरामद हुआ। रविवार को पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए दोनों का चालान कर दिया।

# कार की टक्कर से महिला घायल, चालक सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला में सेंट्रो कार चालक का संतुलन बिगड़ने से कार की टक्कर से पति-पत्नी घायल हो गए। महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने कार चालक के साथ मारपीट कर दी। घायलों के परिजनों ने कार सवार के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी प्रविन्द्र ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गत शुक्रवार को एक सेन्ट्रो गाडी का चालक शराब के नशे में धुत होकर तेज गति के साथ गाड़ी चला रहा था। गांव के कई लोग कार चालक से अपनी जान बचाने के लिए मार्ग के एक और खड़े हो गए। कार की टक्कर से महिला अन्जु पत्नी बिन्दर उर्फ प्रविन्द्र को सेंट्रो कार चालक ने घर के बाहर ही टक्कर मार दी। जिसमें महिला बुरी तरह से घायल हो गई और उसका एक पर भी टूट गया। महिला की चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने कार चालक को नसीहत किया तो गाडी में बैठे चालक प्रदीप, भरत तथा सतबीर ने परिजनों के साथ हाथापाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल महिला के पति ने थाने पहुंचकर कार सवार तीनों लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घटना के संबंध में मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मामूली कहासुनी पर एक युवक ने दूसरे युवक पर किया चाकू से हमला

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** दो दिन पहले मामूली विवाद के चलते हुए झगड़े से आहत होकर एक दबंग युवक ने घर के बाहर टहल रहे एक दूसरे युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, और घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया। जब इस घटना की जानकारी घायल युवक के परिजनों को हुई तब घायल युवक के परिजनों ने घायल युवक को महानगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी व उसके पिता को हिरासत में ले लिया है व उनसे इस घटना से जुड़ी जानकारी की पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज के गांव जौहरपुर निवासी वीरेंद्र पुत्र बुद्धसेन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनका पुत्र प्रदीप मौर्य (23) रविवार दोपहर करीब 3 बजे घर के बाहर अपने दोस्तों के साथ टहल रहा था। इसी दौरान गांव का ही दीनदयाल वहां पर आ गया और उनके पुत्र के साथ गाली गलौज करने लगा, जब प्रदीप द्वारा इसका विरोध किया गया तब आरोपी द्वारा प्रदीप के साथ मारपीट शुरू कर दी गई, यही नहीं आरोपी द्वारा मारपीट के साथ प्रदीप को जान से मारने के नियत से उसके पेट में चाकू भी मारा गया, जिससे प्रदीप बुरी तरह घायल हो गया, गंभीर रूप से घायल प्रदीप को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। प्रदीप ने घायल अवस्था में अपने दोस्तों को फोन किया जिसके बाद दोस्तों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, और घायल हुए प्रदीप को महानगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# विश्व पुस्तक मेले में कर्मयोगी डॉ. इंद्रजीत शर्मा पुस्तक लोकार्पित

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में आईसेक्ट पब्लिकेशन की स्टाल नं 7 पर अमेरिका प्रवासी प्रसिद्ध समाज सेवी, दानवीर, लेखक डॉ.इंद्रजीत शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित पुस्तक ₹कर्मयोगी डॉक्टर इंद्रजीत शर्मा₹ का भव्य लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कथाकार तेजेंद्र शर्मा एवं अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि, विश्व रंग के सह निदेशक लीलाधर मंडलोई ने ख्यातिनाम साहित्यकार डॉ.बी. एल. गौड द्वारा संपादित पुस्तक कर्मयोगी डॉ.इंद्रजीत शर्मा का लोकार्पण किया ।यह पुस्तक 292 पृष्ठ की है, जिसमें दुनिया के 95 विशिष्ट जनों के विचार है। उल्लेखनीय है कि महान समाजसेवी स्व.पंडित तिलक राज शर्मा के पुत्र एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष दुनिया के अनूठे व्यक्तित्व के धनी डॉ. इंद्रजीत शर्मा ने अपने पिता से मिली समाजसेवा की विरासत को बखूबी आगे बढ़ा रहे है। उनके सामान व्यवहार और सादगी पूर्ण व्यक्तित्व से जो भी मिलता है वह उनका मुरीद हो जाता है। इसके अलावा अपने पिता के नाम से ट्रस्ट के द्वारा पब्लिक लाइब्रेरी, कंप्यूटर शिक्षा, महिलाओं को स्वरोजगारमुखी बनाने के लिए सिलाई केंद्र एवं वृद्धजनों के लिए रिक्रिएशन सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष 100 कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है ।सही मायने में डॉ.इंद्रजीत शर्मा सच्चे कर्मयोगी है। समारोह में प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. बी.एल. गौड़ (दिल्ली), डॉ. इन्द्रजीत शर्मा (अमेरिका), अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक, डॉ. जवाहर कर्नावट , डॉ.ऋतु शर्मा ननंन पांडे (नीदरलैंड) ने भी विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर प्रवासी साहित्य पर केंद्रित डॉ. ऋतु शर्मा ननंन पांडे (नीदरलैंड्स) की पुस्तक 'नीदरलैंड की चर्चित कहानियाँ' संगीता चौबे पंखुड़ी' ('कुवैत) की पुस्तक 'पंखुड़ी की पंखुड़ियां', विश्वास दुबे (नीदरलैंड्स) का काव्य संग्रह 'एहसासों की सिलवटें', अमेरिका की चयनित रचनाएँ (संपादक : अनूप भार्गव), आस्ट्रेलिया की चयनित रचनाएँ (संपादक : रेखा राजवंशी), सूरीनाम की चयनित रचनाएँ ( संपादक : शर्मिला रामरतन) का लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह में डॉ. दीपक पाण्डेय, सहायक निदेशक, केन्द्रीय हिंदी निदेशालय, भारत सरकार, डॉ. नूतन पाण्डेय, सहायक निदेशक, केन्द्रीय हिंदी निदेशालय, भारत सरकार, व्यंग्य यात्रा के संपादक डॉ. प्रेम जनमेजय, बालाजी फिल्म, मुंबई से श्री राजेन्द्र शर्मा, डॉ. रणजीत शाह, डॉ. हरजेन्द्र चौधरी जापान, सुनीता पाहुजा सेवा निवृत्त अधिकारी, भारतीय दूतावास, मॉरीशस, डॉ. पुष्पा असिवाल, निदेशक-समन्वयक, एजीयू, विनय उपाध्याय, निदेशक, टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र, महीप निगम, वरिष्ठ प्रबंधक, आईसेक्ट पब्लिकेशन, युवा कवि मोहन सगोरिया आदि मौजूद रहे।

# महासभा के 46वां अधिवेशन में उपराज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए आरके त्यागी इंटर कॉलेज के संचालक योगेश त्यागी



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा का 46वां अधिवेशन रविवार को रहलई इरादतनगर स्थित डॉ कर्ण सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि के रुप में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश अश्विनी त्यागी उपस्थित रहें। इस अधिवेशन में हाथरस जिले से सादाबाद के सहपऊ में श्री आरके त्यागी इंटर कॉलेज बासवित्ता के संचालक योगेश त्यागी ने सहभागिता की।

यंहा पर मुख्य अतिथि के रुप में आये जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने योगेश त्यागी को सम्मानित किया।

इस सम्मान को पाकर योगेश त्यागी ने खुशी जताई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भर्तृत्व भाव बढ़ाने आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक चेतना जागृति करने, युवाओं का शैक्षिक स्तर सुधारने, समाज को संगठित करने पर चर्चा हुई। आज का आयोजन भव्य और ऐतिहासिक रहा जो समाज को एक नई दिशा देगा।

# एटीएम बदलकर खाते से उडाई हजारों की नगदी

**कांधला।** नगर के रेलवे मार्ग स्थित एक एटीएम मशीन से रुपए निकालने गए व्यक्ति का अज्ञात ठग ने एटीएम बदलकर हजारों की नगदी खाते से निकल ली पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भीखा माजरी निवासी चंद्रवीर कस्बे में किसी कार्य से आया हुआ था। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि वह नगर के रेलवे मार्ग स्थित दोनों नहरों के बीच एक्सिस बैंक के एटीएम मशीन से रुपया निकालने के लिए गया था। पीड़ित का आरोप है कि एटीएम में मौजूद पहले से मौजूद एक युवक ने पीड़ित को बातों में उलझा कर धोखे से उसका एटीएम बदल लिया। जब पीड़ित ने एटीएम मशीन में अपना एटीएम लगाया तो रुपए नहीं निकले तो पीड़ित अपने घर चला गया। पीड़ित व्यक्ति के अनुसार घर जाने पर उसके मोबाइल पर तीस हजार रुपए कटने का एक मैसेज प्राप्त हुआ। पीड़ित व्यक्ति ने रविवार को थाने पहुंचकर अज्ञात ठग के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ठग की तलाश में जुटी हुई है।

# 56वीं प्रादेशिक फल व शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2025



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिनांक 07 से 09 फरवरी 2025 तक राजभवन में चलने वाली 56वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2025 के समापन अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान , लखनऊ को प्रथम पुरस्कार के रूप में कुल 10 चल वैजयंती कप प्राप्त हुआ।

(डीजी हाउस बड़ा लान, डीजी हाउस छोटा लान, डीजी हाउस दोनों मेडिसिनल गार्डन, टाइप 5 नंबर 5 लान, रंगमंच, बड़ा झंडा, लैंडस्केप, आफिस सर्किल, सुरम्य, ) अन्य तीन टीचिंग ब्लाक लान, डीजी हाउस पहाड़ी लान, डीजी हाउस किचन गार्डन को द्वितीय/तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

इस अवसर पर राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, आनंदीबेन पटेल द्वारा संजय त्रिपाठी, अपर महानिदेशक को प्रथम चल वैजयंती कप सहित विभिन्न वर्गों मे पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। अपर महानिदेशक ने टीम इरिटम को इस सफलता पर सभी को बधाई दी।

# सुपीरियर इंडस्ट्रीज (शराब फैक्ट्री) ने लिया आम जनता की समस्याओं का संज्ञान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र की सुपीरियर इंडस्ट्रीज (शराब फैक्ट्री) द्वारा क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रालियों के माध्यम से फैक्ट्री से निकलने वाली राख और गंदे पानी के जरिए उत्पन्न होने वाले सफेद पाउडर की वजह से क्षेत्र के लोगों का जीना दुश्वार हो रहा था, इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय पार्षद द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन से शिकायत दर्ज की गई थी, फैक्ट्री प्रबंधन ने आम जनता की समस्या का संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई की है, जानकारी के अनुसार सुपीरियर इंडस्ट्रीज (शराब फैक्ट्री) से निकलने वाले गंदे पानी के ऊपर सफेद पाउडर की परत जम जाती है जो सूखने के बाद हवा की दिशा में इधर-उधर उड़ने लगती है, जिसकी वजह से क्षेत्र वासियों का जीना दुबर हो चुका था, जब क्षेत्रवासियों ने इस समस्या का समाधान कराने के लिए स्थानीय पार्षद राम सिंह पाल से शिकायत दर्ज की, तब राम सिंह पाल ने इस बाबत फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता की जिसका नतीजा यह रहा कि फैक्ट्री प्रबंधन ने हम लोगों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए गंदे पानी से उत्पन्न सफेद पाउडर को समाप्त करने के लिए केमिकल छिड़काव करने का काम शुरू कर दिया, वहीं दूसरी तरफ फैक्ट्री द्वारा जो राख रेलवे ट्रैक के समीप फैक्ट्री के

- फैक्ट्री की राख और गंदे पानी से उत्पन्न सफेद पाउडर से जल्द मिलेगी लोगों को राहत

ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा फेंकी जा रही थी, उस पर भी तिरपाल डालकर उसे हवा में उड़ने से रोकने का काम जारी है, इस पूरे प्रकरण में फैक्ट्री प्रबंधन और स्थानीय पार्षद दोनों ही आम जनता के पक्ष में नजर आए, क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हमें फैक्ट्री से किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है लेकिन जब बात स्वास्थ्य और जीवन की हो तो, आवाज तो बुलंद करनी ही होती है। फैक्ट्री ने हमारी समस्या का समाधान करने के लिए कदम उठाए हैं यह एक अच्छा कदम है हम स्थानीय पार्षद का भी धन्यवाद अदा करते हैं।

# तेज रफ्तार कार ने बुग्गी को मारी टक्कर, छह घायल

**जहाँगीराबाद ।** रविवार को नगर में एक तेज रफ्तार कार ने एक बुग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बुग्गी चालक सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों में शामिल एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। गाड़ी बुलन्दशहर के भाजपा के मंडलाध्यक्ष चला रहे थे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर नगर पालिका के निकट चीनी मिल में कार्य करने वाला राजकुमार पुत्र रामाधर निवासी देवरिया अपनी पत्नी राजकुमारी व पुत्र किशन के साथ बुग्गी लेकर जा रहा था। अचानक दोराहे की ओर से आई एक तेज रफ्तार कार ने बुग्गी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुग्गी के परखच्चे उड़ गए। वहीं इस दुर्घटना में मौके से गुजर रही नन्ही देवी पत्नी मोहनलाल निवासी मौहल्ला लोधान भी चपेट में आ गईं और गम्भीर रूप से घायल हो गई।

# कुमकुम के विवाह में डॉ० संदीप ने उठाई भोजन एवं अन्य जिम्मेदारियां

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक के अनुसांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संपर्क में बाल्मीकि समाज की एक युवती आई जिसने उन्हें अपने विवाह के संबंध में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। जिसके पश्चात युवती कुमकुम के विवाह के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी के समक्ष बात रखी एवं युवती के विवाह में भोजन व्यवस्था के लिए अनुरोध किया। जिस पर डॉ० संदीप सरावगी ने कुमकुम के विवाह में भोजन एवं अन्य खर्चों के लिए स्वीकृति दी।

कुमकुम का विवाह उरई में तय हुआ है लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण कुमकुम का परिवार विवाह करने में असक्षम था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यालय के पीछे कुमकुम अपनी नानी के साथ रहती है बचपन में ही कुमकुम के सिर से मां-बाप का साया उठ चुका था तब नानी और मामा, मामी ने कुमकुम की जिम्मेदारी उठाई लेकिन एक वर्ष पूर्व कुमकुम के मामा भी काल कवलित हो गए। संघर्ष सेवा समिति विगत कई वर्षों से कन्याओं के विवाह में सहयोग करती आ रही है। डॉ० संदीप ने कुमकुम को बिटिया की तरह विवाह में सहयोग का आश्वासन दिया था जिसे उन्होंने पूर्ण किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डॉक्टर संदीप की एवं संघर्ष सेवा समिति के समस्त सदस्यों की सराहना की गई एवं कुमकुम के परिवार ने डॉक्टर संदीप का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय परिषद के सभी पदाधिकारी एवं संघर्ष सेवा समिति से सुशांत गुप्ता, कमल मेहता, राकेश अहिरवार, बसंत गुप्ता, राजू सेन, अनुज प्रताप सिंह, संदीप नामदेव, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू, भावना रजक, आशीष विश्वकर्मा, मास्टर मुन्नालाल, आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में सुनार की चैन लूटने वाले चोर को पैर में लगी गोली, गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

वेलकम इंडिया



**सासनी**। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अपराधियों की धरपकड़ हेतु जनपद में लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सासनी पुलिस को चैकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि बदमाश चम्पाबाग रोड पर चोरी-लूटपाट करने की फिराक में बैठे है । मुखबिर की सटीक सूचना पर चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए रविवार को थाना सासनी पुलिस की चम्पाबाग रोड के पास बदमाश अंकित शर्मा से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त अंकित शर्मा घायल हुआ है। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया । जिसके कब्जे से एक तमंचा व दो खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है । पुलिस अभियुक्त अंकित शर्मा पुत्र संजय शर्मा निवासी बारहसैनी थाना सासनी जनपद हाथरस के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

घायल अभियुक्त अंकित शर्मा द्वारा पूछताछ करने पर जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि दिनांक शनिवार को जनपद अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी क्षेत्रान्तर्गत एक सुनार की आंखों में मिर्ची डालकर दुकान से चैन लूट की घटना की थी, लूटी गयी चैन को थाना सासनी क्षेत्रान्तर्गत एक सुनार को बेच दी है तथा रविवार को पुनः लूटपाट करने फिराक में था । गिरफ्तार अभियुक्त अंकित शर्मा से विस्तृत पूछताछ की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त अंकित शर्मा एक शातिर किस्म का अन्तर्जनपदीय अपराधी है, जो पूर्व में जेल जा चुका है। जिसके विरुद्ध जनपद अलीगढ़, जनपद मथुरा, जनपद हाथरस में नकबजनी-गृहभेदन, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि संगीन धाराओं में एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है । गिरफ्तार अभियुक्त के संबंध में अन्य आपराधिक इतिहास के संबंध में विस्तृत जानकारी की जा रही है ।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



**बुलंदशहर**। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव में अनिल पुत्र सतवीर की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत।युवक की मौत से ग्रामीण और परिजनों में सस्पेंस घटना की सूचना पाकर अहमदगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची अहमदगढ़ थाना पुलिस ने चिता पर से युवक के शव को उठाया पुलिस ने चिता पर से शव को उठाकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल। थाना प्रभारी निरीक्षक अहमदगढ़ नीरज मलिक ने बताया है कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की गर्दन पर चोट के निशान है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुटी हैं।

# अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निडर और साहसी बने : टीकम सिंह

वेलकम इंडिया



**नूरपुर**। आर आर पब्लिक स्कूल, नूरपुर के उप-प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने बताया कि आगामी बोर्ड परीक्षाएं निकट हैं, छात्रों को अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने के साथ-साथ, अपने आप में पूर्ण विश्वास करना चाहिए। हमारा अडिग विश्वास जीवन के कठिन से कठिन लक्ष्य प्राप्ति को सहज कर देता है।

यह समय अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन करने का है । अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निडर और साहसी बनने का है। अपने आप में विश्वास रखें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। अच्छी नींद लें, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

नियमित अभ्यास करें, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाएं व उमंग एवं उल्लास से भर दें। स्ट्रेस को अपने पास भी भटकने ना दें, बल्कि उसे अपनी ताकत में बदलने का प्रयास करें। अपने समय को बुद्धिमत्ता से प्रबंधित करें।

परीक्षा केवल अंकों के बारे में नहीं है, बल्कि यह अपनी गलतियों से सीखने, अपने डर पर विजय पाने और एक बेहतर इंसान बनने में मदद करती है। यह समय अपने ज्ञान, कौशल और अनुभव को परखने का है, और अपने भविष्य को आकार देने का है।

हमें विश्वास है कि आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और अपने सपनों को सच बनाएंगे। इस समय आपको अपने माता-पिता, शिक्षकों और मित्रों का सहयोग और समर्थन मिलेगा, जो आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। परीक्षाओं के लिए अनन्त शुभकामनाएं !

## विज्ञान उत्सव के तहत आयोजित हुई इंटर स्कूल साइंस ओलंपियाड स्पर्धा



**मेरठ**। विज्ञान उत्सव 2025 के तहत इंटर स्कूल साइंस ओलंपियाड आयोजित की गई जिसमें मेरठ के अलग-अलग स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक जानकारी और समाज का बेहतरीन प्रदर्शन किया यह कार्यक्रम जॉइंट ग्रुप आफ नोबल हार्ट मेरठ और मद मार्ट स्टडी सर्किल के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था की अध्यक्ष सी ए निहारिका गोयल ने किया कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ की गई प्रतियोगिता में विज्ञान पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए इसमें इसे तीन वर्गों में विभाजित किया गया जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 दूसरा कक्षा 9 से कक्षा 10 और तीसरा कक्षा 11 से कक्षा 12 तक रहा जिसके परिणाम में आराध्या गौरव स्वस्ति ने प्रथम द्वितीय और तृतीय वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही 1100 रुपए का पुरस्कार विजेता छात्र-छात्राओं को मढ़मद के डायरेक्टर अंकित शर्मा द्वारा प्रथम स्थान पर रहने के लिए वाले प्रत्येक बच्चे को दिया गया सभी बच्चों की भागीदारी के स्वरूप उन्हें प्रमाण पत्र और अन्य उपहार भी विस्तृत किए गए कार्यक्रम को सफल बनाने में सुप्रीम गुप्ता करुणा जैन अनीता प्रधान रेखा शर्मा उत्तम शर्मा रैना कारवार पलक सिंधानिया आदि का सहयोग रहा।

# टीएससीटी की बैठक में संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर चर्चा

वेलकम इंडिया



**टाण्डा**। टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा इकाई की एक अहम बैठक प्राथमिक विद्यालय भोजपुर-धर्मपुर में आयोजित हुई।जिसमें आगामी सहयोग को लेकर विचार विमर्श करने के साथ ही ब्लॉक से अधिकतम सहयोग और व्यवस्था शुल्क के बारे में चर्चा की गई।इसके अलावा अधिक से अधिक शिक्षकों, अनुदेशकों और शिक्षा मित्रों आदि को संगठन से जोड़ने के लिए जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाने पर भी बल दिया गया।

रविवार को आयोजित टीचर्स सेल्फ केयर टीम की बैठक में जिला टीम के पदाधिकारियों ने स्थानीय संगठन एवं नेतृत्व को और अधिक सशक्त तथा सक्रिय बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी मदद का आश्वासन दिया। जिला संयोजक सुधीश पाराशरी, प्रवक्ता मयंक शर्मा, आईटी प्रभारी अंकित विश्नोई, कोषाध्यक्ष अभिषेक विश्नोई और जिला सह-संयोजक एवं भगतपुर टाण्डा ब्लॉक के प्रभार प्रभारी प्रदीप कुमार ने बैठक में उपस्थित रहकर टीएससीटी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते बताया कि यह शिक्षकों के लिए एक मजबूत संगठन है।जो शिक्षकों को एकजुट करने के साथ ही उनके परिवारों की मदद करता है।टीएससीटी दिवंगत शिक्षकों के परिवारों का सहारा बनकर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने का काम करता है।

स्थानीय ब्लॉक टीम के संयोजक धर्मपाल सिंह, सह-संयोजक मोहम्मद आरिफ,मोहम्मद अनीस, शाजिया अहसन, इंसाफ अली और एजाज मोहम्मद आदि ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान संगठन को अधिक प्रभावशाली और सक्रिय बनाने के लिए रणनीतियों और आवश्यक संसाधनों पर चर्चा की। टीएससीटी के सक्रिय सदस्य संजीत कुमार, अश्विन कुमार और मोहम्मद इरफान ने बैठक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बैठक के समापन पर ब्लॉक संयोजक धर्मपाल ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित सभी उपस्थित साथियों का आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली में 27 साल बाद खिला कमल : कवीश राणा

वेलकम इंडिया



**नूरपुर**। दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव गोहावर मे देखने को मिला। भाजपा नेता इंजीनियर कवीश राणा के श्री राम संतोष गार्डन बैंकट हॉल पर दिल्ली की जीत का जश्न मिठाइयां बाटकर मनाया। साथ ही कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की।

इस मौके पर भाजपा नेता इंजीनियर कवीश राणा ने कहा कि दिल्ली के परिणाम मोदी जी के सबका साथ सबका विकास वाली नीति का नतीजा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीजेपी को दिल्ली में ऐतिहासिक जीत मिली है 27 साल बाद दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में भगवा लहराया है आने वाले 5 सालों में दिल्ली को वह विकास मिलेगा जिसे वहां की जनता को लंबे समय से इंतजार था निश्चित रूप से यह विजय देश की है इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मकरध्वज बालाजी धाम के महंत प्रकाश नाथ ने किया अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना के सदस्यता अभियान का शुभारम्भ




**मेरठ**। राजस्थान के जिला ब्यावर से अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना का सदस्यता अभियान शुरू किया गया शुक्रवार को मकरध्वज बालाजी धाम के महंत प्रकाश नाथ शास्त्री ने सदस्यता फॉर्म का विमोचन किया। इस अवसर पर गौ रक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री शास्त्री कहा कि सनातन धर्म में गौ माता का विशेष स्थान है। गौ माता की रक्षा करना हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। गौ सेवा और संरक्षण से न केवल आध्यात्मिक लाभ होते हैं, बल्कि यह समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना में भी सहायक है। ने अपने अनुयायियों को गौ रक्षा के प्रति समर्पित रहने और इस पुनीत कार्य में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। ब्यावर जिला संयोजक देवेन्द्र जटिया ने बताया कि इस ब्यावर जिले में लगभग 5000 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जो भी व्यक्ति इस अभियान का हिस्सा बनना चाहता है, वह संगठन के स्थानीय प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकता है या अधिक जानकारी के लिए अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जा सकता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित ब्यावर जिला संयोजक देवेंद्र जटिया ब्यावर जिला प्रभारी चंद्र प्रकाश जी पटवारी जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र धानका सूरज जी मेघवंशी ब्यावर विधानसभा नगर अध्यक्ष सोनू चौहान सचिव राधेश्याम भट्ट मीडिया प्रभारी विशाल माथुर मनीष साहू कुलदीप सिंह चौहान, मकरध्वज युवा संगठन अध्यक्ष दिलीप सांखला, महेंद्र गहलोत , ओम प्रकाश चौहान, दीपक गहलोत, मोहित सिंह राठोड आदि सदस्य मौजूद रहे ।

## मंदिर में चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य पकड़े चोरी का समान बरामद

**बुलंदशहर**। पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। ये लोग विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटनाओं में शामिल थे, जिसमें स्कूल, मंदिर और एक निजी प्लॉट से सामान चोरी शामिल है। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी विशंभर दयाल ने बताया कि 11 जनवरी को गांव जिरौली में जीतेश भारद्वाज के प्लाट में लगे सबमर्सिबल को चोर चोरी करके ले गए थे। जिसका मुकदमा उन्होंने कोतवाली में दर्ज कराया था। 21 जनवरी को गांव डरौरा स्थित स्कूल से स्कूल में रखा सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। प्रधानाध्यापक देवदत्त गौड़ ने मुकदमा दर्ज कराया था। 28 दिसंबर 2024 को चोर गांव जिरौली के मंदिर में लगे चांदी के छत्रक तथा पीतल के घंटा व अन्य सामान चोरी करके ले गए थे। जिसका मुकदमा पुजारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा दर्ज कराया गया था। कई घटनायें हो जाने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हु? मुखबरों का जाल बिछा दिया। पुलिस टीम को सूचना मिली तीन चोर अनीवास नहर की पास खड़े हैं। और किसी घटना को अंजाम देना चाहते हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर तीन युवक हिमांशु पुत्र बबलू, विक्रम पुत्र होशियार निवासी डरोरा थाना अनूपशहर, हर्ष पुत्र जितेंद्र निवासी गांव अगरई थाना खुरजा देहात को गिरफ्तार कर लिया।

## विश्व संभ्रांत समाज द्वारा वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल विश्व संभ्रांत समाज के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किए

वेलकम इंडिया



**हापुड़**। दुनिया के सबसे कल्याणकारी, सबसे पवित्र, सबसे व्यापक 40 सूत्रीय उद्देश्यों वाले संगठन विश्व संभ्रांत समाज में अशोक गोयल संभ्रांत पिलखुवा उत्तरप्रदेश निवासी, अध्यक्ष श्री राम राष्ट्रीय साहित्य संस्थान अयोध्या धाम उत्तरप्रदेश एवं प्रसिद्ध समाज सेवी है। विश्व संभ्रांत समाज केविश्व संरक्षक युग रत्न डॉ अनिल कुमार गौर साहबसंभ्रांत की अनुशंसा पर अशोक गोयल संभ्रांतको राष्ट्रीय महासचिव (साहित्यिक एवं आध्यात्मिक प्रकोष्ठ)के पद का दायित्व सौंपा गया है।

कवि अशोक गोयल विश्व संभ्रांत समाज को मजबूत बनाने के लिए सकारात्मक रूप से सक्रिय रहेंगे गौर तलब है कि वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल संपूर्ण देश में अपने काव्य की अलख जगाते हुए लगभग 40 साहित्यिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़ निः स्वार्थ भाव से सेवा प्रदान कर रहे हैं।आज उनको अनेक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय संस्थाओ ने उनको अपनी संस्था का मार्गदर्शक व संरक्षक नियुक्त किया है। गोयल जी को अनेक अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित भी किया जा चुका है।जिनमें गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस, इंटरनेशनल पोएट्री अवार्ड, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, इंटरनेशनल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, राष्ट्रीय रत्न महात्मा गांधी अवॉर्ड, भीमराव अंबेडकर सम्मान, महादेवी वर्मा साहित्य सम्मान, अटल बिहारी वाजपई हिंदी प्रेरणा पुरस्कार, नेशनल पीस अवॉर्ड, संत शिरोमणि कबीर साहित्य रत्न सम्मान, सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति सम्मान, विश्व हिंदी गौरव सम्मान, ररकऋ ग्लोबल पीस अवॉर्ड, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन साहित्य सम्मान, विश्व बंधुता पुरस्कार, राष्ट्रीय फलक रचनाकार सम्मान, बागेश्वरी साहित्य सम्मान, भारतेंदु हरिश्चंद्र सम्मान, विश्व शांतिप्रिय व्यक्तित्व सम्मान, स्वामी विवेकानंद साहित्य स्मृति सम्मान, पंडित सुमित्रानंदन पंत बसंत राकेश सम्मान, कवि श्री हरिवंश राय बच्चन सम्मान, विश्व हिंदी साहित्यकार सम्मान, प्रगतिशील काव्य भूषण सम्मान, श्री राम काव्य राष्ट्रीय शिखर सम्मान के अतिरिक्त 1500 से ज्यादा सम्मानों से अलंकृत किए जा चुके हैं जो पिलखवा नगर के लिए बड़े ही गौरव की बात है। अभि हाल ही में गोयल जी भारत माता अभिनंदन संगठन द्वारा भारत गौरव सम्मान से अलंकृत किए गए हैं।गोयल जी के जीवन का मात्र उद्देश्य साहित्य व समाज सेवा है। हाल ही में कवि अशोक गोयल ने बसंत महोत्सव पर लगभग 250 से ज्यादा कवियों को भारत माता अभिनंदन सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

## व्यापारी से 20 लाख की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**आगरा**। आगरा के एत्मादपुर में रहने वाले कांच व्यापारी से 20 लाख रुपये की चौथ मांगने और जान से मारने की धमकी देने वाला पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने जिसको अरेस्ट किया है वह युवक फिरोजाबाद का रहने वाला है। उसने बताया कि व्यापारी ने उसके पिता को नौकरी से निकाल दिया था और इससे खिन्न होकर यह धमकीभरा मैसेज किया। आरोपी युवक ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर इस अपराध को अंजाम दिया था।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि एत्मादपुर के मोहल्ला शुतुरवान में मुस्लिम खां रहते हैं। इनका फिरोजाबाद में कांच का कारखाना है। तीन फरवरी को इनके फोन पर 20 लाख रुपये की चौथ मांगी गई थी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। शिकायत पर पुलिस ने 4 फरवरी को मुकदमा दर्ज कर लिया था। थाना एत्मादपुर पुलिस ने जांच करते हुए फिरोजाबाद के थाना लाइनपार स्थित नगला विष्णु में रहने वाला युवक दीपक कुमार पुत्र विश्वजीत को एत्मादपुर के विनायम मैरिज होम सतौरी से अरेस्ट कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि व्यापारी मुस्लिम खां के कारखाने में उसके पिता कई सालों से काम करते थे जिन्हें दो महीने पहले मुस्लिम खा ने नौकरी से निकाल दिया था। इसी बात को लेकर उसके मन में गुस्सा था। उसने यह बात अपने दो दोस्तों को बताई तो वे साथ देने के लिए तैयार हो गए थे। 24 जनवरी को फिरोजाबाद से एक मोबाइल फोन चुराया और इसी मोबाइल में लगी सिम से धमकी दी गई थी। चुराया गया मोबाइल उसके साथी राजपाल के पास है और वही उस फोन का इस्तेमाल कर रहा है। पुलिस आरोपी युवक के दोनों दोस्तों की तलाश कर रही है।

# एलआईसी एजेंट से लूट में शामिल एक अभियुक्त को एसओजी टीम और पुलिस ने किया गिरफ्तार, बीस हजार रुपये बरामद

वेलकम इंडिया



**हसायन**। एसओजी टीम और पुलिस ने एलआईसीसी एजेंट से हुई लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। इसके कब्जे से बीस हजार रुपये बरामद हुए हैं। तीन फरवरी को ईश्वर दयाल पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम रजापुर ने थाना हसायन पर सूचना दी कि वह पंत चौराहा सिकन्द्राराऊ से एलआईसी के रुपए जमा करने हेतु हाथरस जाने के लिए पंत चौराहा पर खड़ा था तभी एक सफेद रंग की स्विफ्ट गाडी आई और वह उसमें बैठ गया था ।

रास्ते में गाडी में सवार लोगों द्वारा वादी के साथ मारपीट कर रुपए व दो मोबाइल फोन छीन लिए और बस्तोई से बसई जाने वाले रास्ते पर छोड कर चले गये । जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को बेहद गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के नेतृत्व में थाना हसायन पुलिस एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में एजेन्ट के साथ हुई लूट में शामिल एक अभियुक्त को मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्यवाही करते हुये जाऊ नहर के पास से गिरफ्तार किया है । जिसके कब्जे से लूटे हुए 20 हजार रुपए बरामद हुए है ।

अभियुक्त सुबोध उर्फ टीटी द्वारा पूछताछ में जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि दिनांक तीन फरवरी को उसने अपने दो अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पंत चौराहा थाना सिकन्द्राराऊ से एक व्यक्ति को स्विफ्ट कार में बैठाया था, रास्ते में हम लोगों ने मिलकर उससे रुपए और दो मोबाइल फोन छीन लिए और उसे रास्ते में बस्तोई से बसई जाने वाले रास्ते पर छोडकर भाग गये थे । लूटे गये रुपए हम लोगों ने आपस में बांट लिए थे । गिरफ्तार अभियुक्त सुबोध उर्फ टीटी शातिर किस्म का अपराधी है, जो पूर्व में भी जेल जा चुके है। जिसके विरुद्ध जनपद एटा एवं जनपद हाथरस में हत्या का प्रयास, जबरन बसूली, धोखाधडी, शराब तस्करी, लूट, गैंगेस्टर एक्ट जैसी संगीन धाराओं में एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है । घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे है, शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी । पुलिस ने सुबोध उर्फ टीटी पुत्र भंवरपाल निवासी जिटौली थाना निधौली कलां जनपद एटा को जेल भेजा है।

## आगरा में हादसा : अनियंत्रित बोलेरो खाई में गिरी



वेलकम इंडिया

**आगरा** । आगरा के थाना बसई अरेला के गांव लडऊआपुरा में एक्सीडेंट हुआ है। यहां अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। शनिवार शाम यह घटना घटी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। बोलेरो सवार सभी लोग एक शादी कार्यक्रम मं शामिल होकर वापस लौट रहे थे।

एक्सीडेंट पिनाहट–अरनोटा मार्ग पर गांव लडऊआपुरा के पास हुआ है। सभी लोग बाह क्षेत्र के एक गांव से लौट रहे थे। रास्ते मं किसी वाहन ने कट मारा जिसकी वजह से बोलेरो अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। राह चलते लोगों ने पुलिस को सूचना दी। चीख पुकार कर रहे घायलों को गाड़ी में से बाहर निकाला। बाद में पुलिस के पहुंचने पर उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद आगरा के हायर सेंटर में रेफर किया गया है।

# पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन निकाली गई भव्य शोभायात्रा

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** रविवार को अरुणम कॉलोनी स्थित नवनिर्मित जैन मंदिर का पंचकल्याणक महोत्सव का तीसरा दिन हर्ष उल्लास के साथ *जन्मकल्याणक* महोत्सव मनाया गया पंडित नरेश कुमार जैन हस्तिनापुर श्री प्रमोद पंडित प्रमोद शास्त्री सह प्रतिष्ठाचार्य पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री दिल्ली

के द्वारा सुबह जन्मकल्याणक एवं नित्य पूजा कराई गई जिसमें आज अष्टकुमारियों ने माता की सेवा कर की और जन्म के समय सोधर्म इंद्र के आसान कंपायमन का सजीव मंचन प्रस्तुत किया गया सोधर्म इंद्र( मुकुल जैन )सचि इंद्राणी (मनीषा जैन )सहित महाराज नाभी राय (कमलेश जैन ) माता मरु देवी (कल्पना जैन )के महल में आए और सचि इंद्राणी ने बालक भगवान का मायावी रूप माता के पास रखकर जन्म अभिषेक के लिए बालक भगवान को उठाकर मेर मेरु पर्वत के पनडुकशीला पर ले गए जिसमें बालक भगवान को बहुत ही उत्साह एवं गाजे बाजे सहित पंडाल तथा नृत्य करते हुए समाज के हजारों लोग रथ यात्रा मैं सम्मिलित हुए जिसकी व्यवस्था हंस कुमार जैन सराफ ने अपनी टीम के साथ की रथ यात्रा में 100 धर्म इंद्र मुकुल जैन सच्ची इंद्राणी मनीष जैन कुबेर बने नमन जैन यशी जैन ने रथ यात्रा के समस्त नागरिकों पर सोने चांदी एवं रत्न की वर्षा की अंत में पांडुक शिला पर मुनि श्री 108 अनुमान सागर जी के सानिध्य में जन्मभिषेक हुआ सबसे पहले 100 धर्म इंद्र मुकुल जैन ने भगवान का अभिषेक किया उसके बाद अनमोल जैन अनिल जैन दास शोभित जैन दिल्ली विशाल जैन एसके जैन देवेंद्र जैन अभी जैन सिद्धांत जैन राजेश जैन सहित सैकड़ो इंद्र ने भगवान का अभिषेक किया इसके बाद भगवान का बालक भगवान का श्रृंगार किया गया जिसमें सची इंद्राणी .सारिका जैन (दिल्ली) संगीता जैन (साकेत). सपना जैन .(जयपुर) पूनम जैन . दीपा जैन आदि अनेक इंद्राणियों ने भगवान का वस्त्र आभूषण के साथ श्रृंगार किया तत्पश्चात भगवान को गाजे बाजे सहित पंडाल में स्थित बेदी पर विराजमान किया गया। पंडाल में जन्मभिषेक के प्रवचन देते हुए भगवान ने कहा कि परम पूज्य आचार्य श्री 108 श्रुत सागर जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि तीर्थंकर के जन्म के समय संपूर्ण ब्रह्मांड में खुशी का वातावरण हो जाता है तथा नरक के जीवों सहित सभी को कुछ समय के लिए आनंद का अनुभव होता है महाराज श्री ने अपने प्रवचन में आज आहार के विषय में विस्तार से वर्णन किया जिसमें उन्होंने कहा बताया कि पोषाहार से लेकर जलाहार तक सात प्रकार के आहार होते हैं और जिन्हें साइंस आज बता रही है वह हमारे यहां जैन शास्त्रों में हजारों सालों से लिखी हुई है जो पूरी तरह से प्रमाणिक वैज्ञानिक आधार पर भगवान की वाणी द्वारा लिखे हुए हैं जिनका महत्व जितना पहले था उतना ही आज भी और आगे भी रहेगा क्योंकि भगवान की वाणी शाश्वत सत्य है प्रवचन के पश्चात श्री दिगंबर जैन प्रबंध करने कमेटी के अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज महामंत्री सुरेंद्र जैन मालासर रोड मिल ने अतिथियों का स्वागत किया श्री मुकेश जैन सराफ जिसमें संजय जैन जो की क्रांतिकारी युवा नेता है तथा शिखर पर उन्होंने एक बड़ा आंदोलन भी किया था के साथ प्रदीप जैन बंटी को भोजन शाला की सुंदर व्यवस्था के लिए सम्मानित किया गया।

राजीव जैन सूत वाले ,प्रेस अध्यक्ष सुनील जैन ,(प्रवक्ता), राजेश जैन ,सौरभ जैन ,मुकेश जैन (बबलू ),नीरज जैन (कोयले वाले ),विनोद जैन( भट्टे वाले )अनिल जैन (बर्फ खाने वाले )आदि उपस्थित थे। प्रेस संयोजक एडवोकेट विनीत जैन ने बताया कि आज शाम मंगल आरती एवं प्रवचन के बाद बॉलीवुड एवं दिल्ली के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य का सजीव मंचन होगा मंच उद्घाटन करता अशोक गोयल जी परिवार होंगे।



## जस्टलीड ने मनाया 10वां स्थापना दिवस, एक क्लिक पर मिलेगी प्रॉपर्टी की जानकारी

**गाजियाबाद।** रियल एस्टेट को लीड सेवाएं प्रदान करने वाली प्रतिष्ठित डिजिटल मार्केटिंग कंपनी जस्टलीड इन ने अपना 10वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीसीएस अधिकारी शशांक गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कंपनी के संस्थापक शुभम बंसल, सीटीओ शिवांगी बंसल और मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) रवि शंकर गुप्ता ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा और मार्केट के सहयोग से उन्होंने अपनी कंपनी को पुणे, बेंगलुरु, नोएडा सहित विभिन्न शहरों में सफलतापूर्वक स्थापित किया है। जस्टलीड़ के दस वर्ष पूर्ण होने के इस अवसर पर, कंपनी के प्रबंधन विभाग ने अपने नए वेंचर आईटी कंपनी एसवाईएसबी.कोम की शुरूआत करने की घोषणा की। कंपनी के इस सेलिब्रेशन इवेंट में मंत्री प्रतिनिधि सौरभ जायसवाल, चेतन बंसल, संजय सिंघल, ऋषभ बंसल, सुनील सिंघल, प्रणव सिंघल, दीपांशु गर्ग, हर्ष बंसल, प्रतीक सिंघल, नितेश गुप्ता, साक्षम सिंघल, राम गोपाल गुप्ता जी, अजय सिंह, आशुतोष शर्मा आदि।

## आगामी त्योहारों को लेकर कस्बा चौकी में शांति बैठक आयोजित



वेलकम इंडिया

**जहाँगीराबाद /** आगामी शब-ए-बारात व महाशिवरात्रि के पर्व को शांतिपूर्वक मनाने के लिए कस्बा चौकी में क्षेत्राधिकारी अनूपशहर राज करन के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद लोगो से क्षेत्राधिकारी ने शब-ए- बारात पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के स्थलों व शिवरात्रि पर कावंड़ियों के शिविर लगने के स्थानों की जानकारी ली साथ ही उन्होंने शिवरात्रि पर लगने वाले भंडारों के स्थानों की भी जानकारी ली। सीओ रामकरण ने कहा कि हम सभी को गंगा जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखते हुए सभी त्यौहार शांति व सौहार्द के साथ मनाने हैं। अगर किसी ने भी अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने भंडारे व कांवड़ियों के शिविर स्थलों पर साफ सफाई रखने के लिए भी कहा। इस मौके पर चौ. अजीत हिमांचल सिंह, मनोज गुप्ता, देवेंद्र लोधी, ओमप्रकाश लोधी, आदेश शर्मा, मनमोहन अग्रवाल, रोबिन चौधरी, रामू, केपी सैनी, शहर इमाम कलीमुर्रह्मान, नईम अंसारी, मुक्की सिंघल, शशांक सिंघल, रोहित पहाड़ी, आसिफ अंसारी, अमित गर्ग आदि सहित शहर के दर्जनों गणमान्य लोग शामिल हुए।

## अनुसूचित जाति अनूसूचित जनजाति बेसिक शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष बने राजेंद्र सिंह

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर।** रविवार को अनुसूचित जाति अनूसूचित जनजाति बेसिक शिक्षक महासभा जनपद बुलंदशहर की जनपद इकाई के अध्यक्ष श्रद्धेय राजेंद्र सिंह व महामंत्री पद हेतु श्रद्धेय अनिल कुमार का चयन/मनोनयन बुद्ध बिहार सुनहरा बाई पास पर श्रद्धेय भीष्म पाल सिंह प्रांतीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति अनूसूचित जनजाति बेसिक शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश के निदेशानुसार संगठन की बैठक आहुत कर श्रद्धेय महेंद्र सिंह सेवानिवृत की अध्यक्षता में सदन में उपस्थित सदस्यों की सहमति से किया गया। इनके चयन की कार्यवाही श्रद्धेय श्याम बाबू प्रांतीय महामंत्री अनुसूचित जाति/ अनूसूचित जनजाति बेसिक शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश चुनाव पर्यवेक्षक,रैदास सिंह ( पर्यवेक्षक), श्रद्धेय अशोक कुमार, भरत सिंह ,धीरेन्द्र कुमार मौर्य (चुनाव अधिकारी) के द्वारा की गई। पदाधिकारी घोषित होने के बाद सभी को फूलमाला पहनाकर दी गई बधाई।

## आर्य समाज कविनगर का त्रिदिवसीय स्वर्ण जयंती महोत्सव

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कविनगर में आर्य समाज का त्रिदिवसीय स्वर्ण जयन्ती महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। आचार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रहात्व में महायज्ञ संपन्न हुआ।मुख्य यज्ञमान ईषिता गोयल एवं रचित गोयल शुभा गौतम एवं अमित गौतम रहे। यज्ञोप्रांत आचार्य ने यज्ञमानों को आशीर्वाद दिया और सुखद जीवन की प्रभु से प्रार्थना की। मुख्य अतिथि आर्य नेता ठाकुर विक्रम सिंह ने युवा शक्ति एवं चरित्र निर्माण पर विस्तृत चर्चा करते हुए आर्यों को एक जुट होने का आह्वान किया ओर कहा कि वीर ही वसुंधरा के सुख को भोगते हैं अतः यज्ञ योग करो देसी गाय का दूध पियो गौशाला खोलो गाय की रक्षा करो वीर बनो। मुख्य वक्ता डा वेद पाल ने बताया कि हमारी प्राचीन गुरुकुलीय शिक्षा बहुत उच्च कोटि की थी लेकिन महाभारत काल में इसमें गिरावट आई।राज कुमारों को गुरुकुलों में ना भेजकर गुरुओं को राज महल में बुलाकर शिक्षा दी जाने लगी जिससे प्रजा के बच्चों में हीन भावना पैदा हुई।जबकि गुरुकुलों में अमीर गरीब सबके लिए समान शिक्षा की व्यवस्था थी। जिसमें पंच महायज्ञ, माता पिता का सम्मान, राष्ट्र भक्ति, जितेंद्रियता आदि गुण आ जाएं वास्तव में वह शिक्षा है। आर्य समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति मनोज सिंह चौहान प्रथम बार आए और उन्होंने आर्य समाज की विचारधारा को सुनकर संकल्प किया कि वह महर्षि दयानंद के सिद्धांतों और मंतव्यों को अपने जीवन में उतारेंगे और उनके सिद्धांतों और मंतव्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपने पैतृक स्थल बिजनौर में गुरुकुल खोलेंगे। डॉ आयुषी राणा ने कहा कि आपने तीन दिनों में अहर्निश आर्य समाज के उत्सव में रहकर जो सुना है।

## शिवरात्रि पर्व को लेकर बैठक का आयोजन कर व्यवस्था चाक चौबंद करने के सीओ ने दिए निर्देश



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** रविवार को कोतवाली क्षेत्र अनूपशहर के अंतर्गत पुलिस चौकी मलकपुर के अंतर्गत आने वाले प्राचीन शिवलिंग ढाका पर आगामी 26 फरवरी को शिवरात्रि के पावन पर होने वाले जल अभिषेक की तैयारी व मेला की व्यवस्था को लेकर कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी रामकरन सिंह,प्रभारी निरीक्षक विशंभर दयाल ने चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रधानों समाजसेवियों व मेला कमेटी के साथ बैठक कर तैयारी की बिंदुवार समीक्षा की जिसमें सफाई वेरीकेटिंग विद्युत पानी सुरक्षा व्यवस्थाओं की जा जाकर सुझाव आमंत्रित किया जिस पर सभी ने सौहार्द की बात करते हुए 25 व 26 की रात को निर्विवाद विद्युत आपूर्ति करने की मांग की तथा मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने पूर्व में हुई 2004 में घटना का जिक्र करते हुए सभी से मौके पर शांति बनाए रखते हुए शिवरात्रि के पावन पर्व को मिलजुल कर के साथ मनाने की बात कहते हुए क्षेत्राधिकारी पुलिस से अराजक तत्वों पर सख्त नजर रखकर पुलिस बल का इंतजाम करने की मांग थी जिस पर क्षेत्राधिकारी अनूपशहर द्वारा प्रभारी निरीक्षक विशंभर दयाल को जिले से आज तक फोर्स की मांग करते हुए तथा ग्राम प्रधान मलकपुर को साफ सफाई वेरिफिकेशन सीसीटीवी अतिरिक्त कैमरा लगवाने के साथ-साथ मेला कमेटी से प्रशासन के सहयोग सभी सामाजिक लोगों से मेला में सहयोग करने का आह्वान किया बैठक में ग्राम प्रधान निजाम खा, रायसिंह प्रधान,बंटी लोधी,रामेश्वर प्रधान, पवन चौधरी,नरेश सैनी, प्रदीप राघव, सहित दर्जनों लोग सम्मिलित रहे।

## रोज बेल पब्लिक स्कूल में 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विजय नगर स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भावनाओं, मनोरंजन और प्रेरणादायक संदेशों से भरपूर रहा। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। जिसके बाद प्रधानाचार्या धर्मजीत कौर ने छात्रों को मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन का महत्व समझाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में नृत्य प्रस्तुतियां, हास्य नाटक, और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें कक्षा 11 के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा, प्रशासन निदेशक बलप्रीत सिंह ने सर्वश्रेष्ठ अनुशासित छात्र एवं सर्वश्रेष्ठ परिधान पुरस्कार प्रदान किए, जिससे छात्रों का उत्साह और बढ़ा।

## रिटायर्ड फौजी ने भतीजे के खिलाफ कराई धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** एक रिटायर्ड फौजी धर्मवीर सिंह ने अपने भतीजे गौरव के खिलाफ 3 लाख 55 हजार रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। गौरव ने व्यापार के नाम पर पैसे उधार लिए थे, लेकिन न तो पैसे लौटाए और न ही कराया जमीन का बैनामा। प्राप्त विवरणनुसार एक रिटायर्ड फौजी के साथ उनके ही भतीजे द्वारा 3 लाख 55 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम भटौना निवासी धर्मवीर सिंह से उनके भतीजे के खिलाफ धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में आरोपी गौरव को नामजद किया गया है। धर्मवीर सिंह के अनुसार वह भारतीय सेना से सेवानिवृत है तथा उसके बेटे सेना में है। करीब 5 वर्ष पूर्व उसके भतीजे गौरव ने व्यापार शुरू करने के नाम पर उससे 3 लाख 55 हजार रुपये उधार लिए। उस समय गौरव की मां भी उसके साथ थी तथा दोनों ने उससे कहा था कि वह उसे रुपए वापस कर देंगे नहीं तो अपने हिस्से की भूमि का बैनामा उसके नाम कर देंगे। परंतु आरोपियों ने न तो पैसे वापस किए और न ही उसके नाम भूमि का बैनामा किया। मामले में गांव में पंचायत बुलाई गई, तो आरोपी भतीजे ने 6 महीने में दोगुनी रकम लौटाने या अपनी जमीन देने का वादा किया। लेकिन उसने न तो पैसे लौटाए और न ही जमीन का सौदा किया। जब धर्मवीर सिंह ने बार-बार पैसों की मांग की तो आरोपी भतीजे ने उनके साथ गाली-गलौच की और मारपीट भी की। पीड़ित धर्मवीर सिंह ने भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## मिलजुलकर शांति और सद्भाव पूर्वक संपन्न करें आगामी त्यौहार सहयोग करें सभी वालेंटियर

वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज ने कहा कि आगामी सभी त्यौहारों को शांति और सद्भावना पूर्वक संपन्न करने में पुलिस को सहयोग करें। गड़बड़ी करने का लेशमात्र भी प्रयास असहनीय होगा असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। आगामी शव ए बारात, रविदास जयंती एवं शिव रात्रि पर्वों के मद्देनजर रविवार को कस्बा चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस ने सभी गणमान्य लोगों से त्यौहारों की व्यवस्था और कार्यक्रम आदि की जानकारी ली। पुलिस ने सभी से शांति बनाए रखने में सहयोग मांगा और वालेंटियर्स को अपना दायित्व कुशलता पूर्वक निर्वहन करने की अपील की। सभी गणमान्य लोगों ने कस्बे की अरसे से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए सभी त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न करने का आश्वासन दिया। नगर पंचायत कर्मियों को साफ सफाई की व्यवस्था,लाइट आदि की माकूल व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए।संचालन वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुनेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर नागेश्वर मंदिर कमेटी अध्यक्ष कैलाश कुमार अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता श्याम लाल लोधी अब्बू आजाद सतीश लोधी हेमंत गुप्ता लोकेश शर्मा शकील अहमद नेमपाल सिंह, नईम कुरैशी, सुखपाल सिंह, बबलू, हनीफ दिनेश कौशिक आदि मौजूद रहे।



## मथुरा में इलेक्ट्रिक बस के चालक सहित स्टाफ को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जनपद मथुरा में लोगों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए ग्रीन सेल मोबिलिटी द्वारा 50 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। शुक्रवार को मथुरा के इलेक्ट्रिक बस डिपो में बेहतर कार्य करने वाले चालक परिचालकों के साथ-साथ कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया है। जहां अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कर्मचारियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। मथुरा के इलेक्ट्रॉनिक बस डिपो कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जनपद में इलेक्ट्रिक बस संचालन में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम अजित सिंह, एसपी मनोज यादव, एआरटीओ मनोज कुमार वर्मा सहित सहायक नगर आयुक्त कल्पना चौहान ने संयुक्त रूप से किया गया। जहां पर इलेक्ट्रिक बस संचालन कर रहे कर्मचारियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। इस दौरान इलेक्ट्रिक बस संचालन में अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ग्रीन सेल मोबिलिटी के डिपो मैनेजर बलराम ने बताया जनपद में 50 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। बस संचालन में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर में काम्पसी सिस्टम्स के बिजनेस हेड आशुतोष वर्मा, अंबिकेश, सुशील मिश्रा, योगेंद्र कुमार के साथ समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



# उत्थान चैंपियन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया ज्ञान का जादू

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर**। महर्षि इंटर कॉलेज, मोदीनगर में सामजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित उत्थान चैंपियन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। इस ओपेन प्रतियोगिता में कक्षा चौथी और पाँचवीं के छात्र-छात्राओं ने जोश और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। संस्था के प्रबंधन समिति सदस्य विनय सहारन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता एक घंटे की अवधि की थी, जिसमें कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे। प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान पर दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनगर से सिद्धि गर्ग, द्वितीय स्थान पर डॉलफिन पब्लिक स्कूल, मोदीनगर से सिद्धांत कंसल और तृतीय स्थान पर दयावती पब्लिक स्कूल, मोदीनगर से अद्विका वर्मा रहे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 1100 रुपये, द्वितीय स्थान पर 500 रुपये और तृतीय स्थान पर 250 रुपये का नकद पुरस्कार ट्रॉफी के साथ प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष सीए राहुल जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली रहे, जिन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की। अंकुरम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या खुशबू बंसल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि और संस्था के सदस्यों ने संयुक्त रूप से विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने वाले अन्य छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिए गये। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए ताकि उनके प्रयासों को मान्यता दी जा सके और उन्हें आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्रों को उत्थान फाउंडेशन के शिक्षक-सदस्यों द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था ताकि बच्चों की संपूर्ण शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन किया जा सके। प्रश्न पत्रों की जाँच और अंकन कविता गुप्ता, तुबा अनवर खान और दीप्ति सिंघल द्वारा मौके पर ही किया गया, जिससे निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। संस्था की सदस्या गजाला बारी ने कहा की इस प्रतियोगिता ने बच्चों में सीखने की नई उमंग जगाई, उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सोनिया गर्ग, अनुपम माहेश्वरी, रितू कपूर, ज्योति रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार भी लगाया गया गुरु का लंगर



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा गुरु का लंगर का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों प्रसाद ग्रहण किया। दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा पिछले तीन साल से निरंतर प्रत्येक रविवार को गुरु के लंगर का आयोजन करते आ रहे हैं। प्रत्येक रविवार को शहर के अलग-अलग स्थान पर गुरु का लंगर लगाया जाता है। जिसमें लगभग शहर के 100 से अधिक परिवार अपने घर से लंगर के लिए रोटी बनाकर देते है । जिसमें दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट से जुड़े सभी सदस्य बढ़-चढ सेवा भाव से प्रसाद का वितरण करते हैं । रविवार को मोदी कपड़ा मिलकर निकट मुख मार्ग पर गुरु का लंगर लगाया गया । जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आज की सेवा में अध्यक्ष अंकुर अरोड़ा, मुख्य ट्रस्टी विकास भसीन, जतिन अरोड़ा, सरबजोत सिंह नय्यर, राहुल अरोड़ा, शिवम् कोहली, विपिन खन्ना, हरजीत सिंह, एन.क ग्रोवर प्रमोद आनंद, केवल थम्म्मन, अमित वशिष्ठ, उमेश शर्मा, गौतम अरोड़ा पवन खुराना, अमरजीत सिंह ,यश भसीन, संजय अरोड़ा, सुनील कुमार डिम्पी भसीन, भारती बतरा, गरिमा रावत, अनाया भसीन, प्रिया मादान रीटा अरोड़ा, नीरू अरोड़ा, दीपक गुप्ता आदि सेवादार मौजूद थे।

# हजारों भक्तों ने शोभायात्रा में लिया भाग



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। परशुराम धाम, पुरा महादेव, बागपत मे भगवान की मूर्ति स्थापना शोभायात्रा निकाली गयी। 21 किलोमीटर का नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण में पुरा महादेव से लेकर अमीनगर सराय से होते बुड सैनी गांव होते हुए। यात्रा परशुराम धाम पर पहुंची सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर ट्राली में हजारों भक्तों ने इस शोभायात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज, सूरज मुनि जी महाराज, देव मुनि जी महाराज ,एसपी यादव, पुष्कर कृष्ण जी महाराज ,रामशकर, जगदीश शर्मा, राधे शर्मा, आदेश फौजी, मनोज शर्मा, कृष्णपाल शर्मा कृष्ण कुमार शर्मा जगदीश यादव उपेंद्र यादव आदि सैकड़ों व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# बिजली की चोरी करने वालों के विरुद्ध विशेष चैंकिग अभियान चलाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अंतर्गत विशेष चैंकिग अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत गांव कलछीना व मोदीनगर में मोर्निंग रेड की गयी। मोर्निंग रेड के दौरान 35 व्यक्तियों सीधे विद्युत चोरी करते पाए गए। जिनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई।

विद्युत वितरण खण्ड मोदीनगर के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के दौरान टीम का गठन कर पुलिस प्रवर्तन दल तथा क्षेत्रीय पुलिस बल के साथ गांव कलछीना में मोर्निंग रेड की गयी। मोर्निंग रेड के दौरान 35 व्यक्तियों सीधे विद्युत चोरी करते पाए गये। इसके अतिरिक्त ग्राम फरीदनगर तथा गांव सीकरी खुर्द में भी रेड अभियान चलाया गया। जिसके दौरान 16 व्यक्तियों सीधे विद्युत चोरी करते पाये गये। जिसमें पूर्व में अस्थायी रूप से विच्छेदित किए गए संयोजनों को पुनः जोड़कर चलाते पाये जाने के कारण प्राथमिकी दर्ज कराई गई। गांव कलछीना, सीकरी खुर्द, तथा फरीदनगर में कुल 117 परिसरों को चैक किया गया जिसमें 51 उपभोक्ता के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी एवं तीन उपभोक्ताओं के संयोजनों विद्या परिवर्तन हेतु विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की गई। अधिशासी अभियंता ने खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासी गणों से अनुरोध है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत कराये, जिन उपभोक्ताओं का पूर्व में विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजन अस्थायी रूप से विच्छेदित है वह शासन द्वारा वर्तमान में चलायी जा रही एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर बिल का भुगतान कर, संयोजन को पुनः सूचारू कराये। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें। अन्यथा की स्थिति पुलिस प्रवर्तन दल तथा विभागीय टीम के द्वारा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाई करने की बाध्यता होगी।

# विधायक द्वारा निर्मित कार्यों का उद्घाटन विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। विधानसभा क्षेत्र में विधायक द्वारा निर्मित कार्यों का उद्घाटन विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया ।ग्राम नगला बैर में दो श्मशान घाट में विधायक निधि द्वारा अंत्येष्टि स्थल पर टीन शेड व इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य ।जिसका लागत मूल्य 19.526 लाख है ।ग्राम कलछीना में श्मशान घाट में विधायक निधि द्वारा टीन शेड व इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य जिसका लागत मूल्य 7.00 लाख है ग्राम नाहली में काली सड़क से नजरु के खेत तक विधायक निधि द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य जिसका लगत मूल्य 19.76 लाख है इस अवसर पर रोहित तोमर (मंडल अध्यक्ष), संजय चौधरी, गिरवर प्रधान, धर्मपाल ,अनिल शर्मा, वीरेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, इमरान प्रधान, अनीला आर्य, हसीन, सलमान, इसरार, वारिस राजकुमार, दिलशाद आदि उपस्थित रहे।

# जर्जर मार्ग ठीक कराए जाने की मांग को लेकर धरना जारी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन द्वारा ग्राम अबूपुर मुख्य मार्ग को सही कराने के लिए प्रशासन की लापरवाही के विरुद्ध चल रहे धरने को आज ग्यारहवा दिन है। फाउंडेशन संस्थापक ईश्वर चंद्र व समाज सेवी हरेंद्र शर्मा लगातार अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हुए है। ईश्वर चंद्र ने बताया है कि अबूपुर की जनता निर्वाण फाउंडेशन से बहुत सारी उम्मीद लगा बैठी है। अबूपुर ग्राम वासी धरने पर अपनी अपनी पीड़ाओं को बता कर सहायता की मांग करने लगे है। ईश्वर चंद्र लोगों को आश्वासन दिया है कि वो ग्राम प्रधान जी को जल्द से जल्द सार्वजनिक धर्मशाला हेतू सरकारी भूमि खोज कर ग्राम वासियो का प्रस्ताव प्रधान जी के सामने रखेंगे और जल्द से जल्द सार्वजनिक धर्मशाला निर्माण कराने की बात भी करेंगे। इस मौके पर हरिशंकर, तरुण चौ. विपिन, विलियम, उज्वल, राजीव शर्मा, नितिन चौ. सुभम, डा. रामशरण, अलका प्रमिला, सुचिता, दीपक, जोली भाई, ममता बंटी अमित अग्रवाल नवरसन, ओमकार, सुसीला, राजू, मनोज गिरी आदि लोग धरना स्थल पर उपस्थित रहे।

## तीन दिन बाद युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जेल से रिहा

**गाजियाबाद**। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पं. जीतू शर्मा को मधुबन–बापूधाम पुलिस ने शांतिभंग और पैंठ बाजार वालों की आवाज उठाने एवं विरोध करने के आरोप गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जैसे ही जीतू शर्मा की गिरफ्तारी की खबर सपाइयों को लगी वैसे–वैसे थाने पर सपा कार्यकर्ता एवं नेता इका होने लगे रात करीब डेढ़ बजे सपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मधुबन बापूधाम थाने पहुँच गए। इसके बाद एसीपी स्वतंत्र सिंह और एसओ बापूधाम शैलेन्द्र सिंह तोमर ने आश्वासन दिया की बातचीत करने के बाद जीतू शर्मा को थाने से रिहा कर दिया जायेगा।

# मिल्कीपुर को मिला सरकारी विधायक , जनता ने अजीत प्रसाद को चुना अपना विधायकः अवधेश

वेलकम इंडिया




**अयोध्या**। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के बाद रविवार को पांच नंबर चौराहे पर समाजवादी पार्टी की ओर से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि चुनाव में तीन तरीके से भारतीय जनता पार्टी की तैयारी थी। एक तो मतदान केंद्र के अंदर अधिकारियों से वोट डलाने की तैयारी थी, दूसरी लगभग पचास हजार भाजपा के बाहर से गुंडे वोट डालने के लिए लाए गए थे और इन सभी लोगों ने भाजपा को वोट दिया। चुनाव मिल्कीपुर का हो रहा था, लेकिन चुनाव में बाहरी लोग मतदान कर रहे थे। यहां तक लोगों ने कबूल किया कि हमने दस-दस वोट भाजपा को डाला है। मिल्कीपुर विधानसभा के ही रायपट्टी बूथ पर एक मतदाता ने कहा कि इतने बेहतरीन अफसर लगाए गए हैं, कोई रोक नहीं रहा है और हमने 6 - 6 वोट भारतीय जनता पार्टी को दिया है। पीठासीन अधिकारियों को 10 हजार रुपए भारतीय जनता पार्टी की तरफ से दिया गया था। हमारे पास इस बात का सबूत है। हम उसको पेश करेंगे तमाम बाहर के आए भाजपा के गुंडों को समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने पकड़ा भी है।

# अयोध्या धाम हनुमान गढ़ी के नाम श्री दिनकर महराज ने 5.5एकड़ भूमि मंदिर बनवाने हेतु की दान

वेलकम इंडिया



**अयोध्या**। मिल्कीपुर क्षेत्र के बसवार कला निवासी श्री दिनकर महाराज अयोध्या धाम की तर्ज पर भव्य हनुमानगढ़ी मंदिर स्थापित करने के की मंगलकामना को लेकर पिछले 9 वर्षों से अन्न, फल त्याग कर अपनी पैतृक संपत्ति की भूमि लगभग 5.5एकड़ भूमि को अयोध्या धाम भव्य हनुमान गढ़ी के नाम दान देकर तपस्या में लीन है ।नव वर्षों से अखंड ज्योत जला रहे है इसी मान्यता की पूणार्हूति हेतु संगम त्रिवेणी के तट पर आयोजित विशाल महाकुंभ में पधारे हुए परम पूज्य श्री महामंडलेश्वर सनातन धर्म के सभी अखाड़ा परिषद के पूज्य प्रमुख संतों के चरणों में अपने अनुराग स्वरूप अक्षत को अर्पित करने प्रयागराज महाकुंभ जाकर सभी महामंडलेश्वर तथा सभी साधु संतो को भव्य हनुमान गढ़ी मंदिर की स्थापना, आशीर्वाद लेकर उन्हें आमंत्रित करने के लिए दिन तारीख निश्चित करने के लिए प्रयागराज संगम जा रहे हैं ।बताते चले की श्री दिनकर महराज 4दिन पहले से मिल्कीपुर के तीनो ब्लाको के 40गांवो में घर घर जाकर तीन मुट्ठी चावल अच्छत स्वेच्छा पूर्वक दान स्वरूप लगभग 500 घरो से निवेदन कर इकठ्ठा किया।

# राज्यपाल 13 फरवरी को कृषि विवि में,48वें कुलपति सम्मेलन को करेंगी संबोधित



वेलकम इंडिया

**अयोध्या**। भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों का 48वां कुलपति सम्मेलन इस वर्ष आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 13 व 14 फरवरी को आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन में देशभर से कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश की राज्यपाल/ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगी। वहीं दूसरी तरफ कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय में सभी तैयारियां अंतिम चरण में है। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने तैयारियों के मद्देनजर समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुलपति ने बताया कि इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बलदाऊ वाटिका का शिलान्यास भी करेंगी जिससे आने वाले दिनों में कृषि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यूपी के शिक्षण संस्थान एवं आईसीएआर के रिसर्च संस्थानों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए एमओयू होंगे। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र एवं राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डा. संजीत कुमार ने बताया कि विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों से 30 अधिक कुलपति सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन में कृषि एवं ग्रामीण पर्यटन सहकारी संघ लिमिटेड पुणे के प्रबंध निदेशक पांडुरंग थावरे, ताइवान इकोटूरिज्म एसोसिएशन व नेशनल आई-लान यूनिवर्सिटी ताइवान के कार्यकारी निदेशक डा. युंग-सोंग चेन और एसकेएनएयू जोबनेर के कुलपति डा. बलराज सिंह मुख्य वक्ता के तौर पर अपने विचारों को सबके सामने रखेंगे। इस दौरान सभी मुख्य वक्ता एग्री टूरिज्म पर भी मंथन करेंगे। डा. संजीत ने बताया कि 48वां कुलपति सम्मेलन इस बार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि व भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

# नई आबकारी नीति :दुकानों के व्यवस्थापन के लिए जनपद की सभी दुकानों की ली जानकारी

## नई आबकारी नीति को लेकर समय कम और काम ज्यादा के बीच आबकारी अधिकारियों के सामने बड़ी चुनौती

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2025-26 के लिए नई आबकारी नीति जारी कर दी है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य 55,000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाना और शराब कारोबार को अधिक मजबूत बनाना है। नीति में कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिससे व्यापारियों और खरीददारों दोनों को फायदा होगा। इसके तहत दुकानों का आवंटन, शराब की श्रेणियों में बदलाव, डिजिटल भुगतान को बढ़ावा और निर्यात प्रोत्साहन जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। नई आबकारी नीति में अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए भी कई फैसले लिए गए है। जहां एक तरफ सरकार करोड़ों का राजस्व बटोरने में जुटी है तो वहीं दुसरी और बाहरी राज्यों के अवैध शराब को किस तरह से कंट्रोल किया जा सकता है, इस पर भी जोर दिया गया है। इस बार शराब की दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति पूरे राज्य में अधिकतम दो दुकानें ही ले सकता है। हालांकि, वो सभी दुकानों के लिए आवेदन कर सकता है। इसके अलावा, अब केवल सफल आवेदकों से ही फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) या बैंक गारंटी (बीडी) मांगी जाएगी, जिससे आवेदन प्रक्रिया सरल होगी और ज्यादा लोग भाग ले सकेंगे। बता दें कि नई नीति के तहत, अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 से दुकानों को दो साल के लिए नवीनीकृत करने की सुविधा दी जाएगी। इससे व्यापारियों को लंबे समय तक कारोबार करने में आसानी होगी और आर्थिक स्थिरता बनी रहेगी। देखा जाए तो विभाग का पूरा ध्यान नए लोगों को इस कारोबार से जोड़ना है।

नई आबकारी नीति को लेकर एक तरफ जिले में सरकारी कामकाज को बोढ अधिक बढ़ गया है तो, इस बीच अवैध शराब और ओवर रेटिंग को रोकने के लिए भी आबकारी विभाग की फौज को दिन-रात मेहनत करनी पड़ रही है। क्योंकि उनकी हलकी सी चूक भी अवैध शराब और ओवर रेटिंग को बढ़ावा दे सकती है। शराब विक्रेता अपनी मनमानी न कर सकें इसके लिए आबकारी अधिकारी भी अपने इंस्पेक्टरों के साथ दुकानों की निगरानी कर रहे है। शनिवार देर शाम को मेरठ मंडल उप आबकारी आयुक्त राकेश कुमार सिंह ने गाजियाबाद आबकारी अधिकारी कार्यालय पर जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम की मौजूदगी में आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा, त्रिवेणी प्रसाद मौर्य, अखिलेश, अखिलेश वर्मा, डॉ राकेश त्रिपाठी और अनुज वर्मा के साथ बैठक की। बैठक में नई आबकारी नीति के अनुसार दुकानों के व्यवस्थापन के लिए जनपद की समस्त देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, भांग की फुटकर दुकानों एवं मॉडल शॉप के दुकानवार विवरण की जानकारी ली एवं दुकानों के विवरण-पत्र यथाशीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। जिससे ई लॉटरी से पहले सभी दुकानों का व्यस्थापन की प्रक्रिया सरल हो सकें। वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी नीति में बदलाव कर दिया गया है।

# चुप्पी तोड़ हल्ला बोल



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** एवं उ.प्र. की मिल्कीपुर विधान सभा में हुई भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा ओ.बी.सी मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया सदस्य प्रदीप राठौर के नेतृत्व में आगरा ताजगंज स्थित (राष्ट्रवीर दुर्गा दास राठौर चौक) पर ढोल नगाड़ों के साथ मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया प्रदीप राठौर ने बताया कि ये जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर जनता के विश्वास की विजय ह अरविंद केजरीवाल के शासन में दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार, अराजकता को झेला है जिसे दिल्ली की जनता ने नकार दिया है भाजपा पर विश्वास प्रकट करते हुए दिल्ली की जनता ने बड़ा बहुमत भाजपा को दिया है। इस अवसर पर ताज मंडल भाजपा महामंत्री डॉ सुनील बघेल , मंडल के उपाध्यक्ष पवन राठौर , समाजसेवी राहुल शिवहरे , अमित राठौर, सोनू सोनकर , सचिन राठौर , संजय राठौर, राहुल राठौर, संतोष तन्नी गुप्ता , अंकित प्रजापति, अशीष राठौर, दिव्यान्शु, जतिन, अमर बघेल , गौरव बघेल, उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर दिखने वाले फंगल इनफेक्शन सोरायसिस नहीं, वायरल दवाओं का न करे इस्तेमाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दाद खाज खुजली से सबंधित कई क्रीम ब दवाएं सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है,साथ ही इन बीमारियों को सोरायसिस का नाम दिया जा रहा है जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है बिगड़ते मौसम या फिर बॉडी इन्फेक्शन की वजह से इस तरह की बीमारियां लोगों के शरीरों पर हो रही हैं अफवाह फैलाने वाली ऐसी वीडियो और इमेज से बचें,इन बीमारियों का इलाज संभव है समय से एक अच्छे चिकित्सक से परामर्श लेकर इसका इलाज कराए, गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में फंगल इन्फेक्शन के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है,वहीं स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर दिव्या द्विवेदी से बात करने पर हमें पता चला कि लगातार ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है,मरीजों को इस बीमारी से डरने की कोई जरूरत नहीं है, वहीं डॉक्टर दिव्या का कहना है कि इस बीमारी की कई दवाएं और क्रीम सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही हैं,कोई भी मरीज ऐसी दवाओं का इस्तेमाल न करें,क्योंकि ये क्रीमें स्किन पर एक गलत असर भी डाल सकती हैं,इसलिए इस प्रकार के दाद/ खाज/ खुजली/ इनफेक्शन आदि होने पे डॉक्टरी सलाह जरूर लें,साथ ही डॉक्टर दिव्या का कहना कि इस बीमारी के लिए आपको एक बेहतर चिकित्सा सुविधा का ध्यान रखना है किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें,क्योंकि इस बीमारी में कम से कम 8 हफ्ते का इलाज जरूरी होता है,यदि इस बीमारी का कोर्स मरीज पूरा नहीं करता है तो इस बीमारी में लंबा समय लग सकता है या बीमारी एक बड़ा रूप ले सकती है,या ये भी कह सकते हैं कि चर्म रोग हो सकता है,डॉक्टर दिव्या द्विवेदी का कहना है फिलहाल इस मौसम में जो मरीजों को इस तरह का फंगल इनफेक्शन हो रहा है उससे मरीजों को डरने की कोई जरूरत नहीं है।

# पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ में एक घायल, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के शालीमार गार्डन थाने की पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उनके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, एक स्कूटी, लूटे गए दो मोबाइल और लूट की घटना से संबंधित 700 रुपये बरामद हुए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शालीमार गार्डन थाना पुलिस सेक्टर 3 राजेंद्र नगर जीडीए मार्केट में चेकिंग कर रही थी। तभी डीएवी कट वजीराबाद रोड की तरफ से स्कूटी सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। चेकिंग के लिए उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो वे नहीं रुके और अपनी स्कूटी वापस मोड़कर वजीराबाद रोड की तरफ तेजी से भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। तेज रफ्तार होने के कारण वजीराबाद रोड कट से पहले कीचड़ होने के कारण स्कूटी फिसल गई। बदमाशों में से एक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की एक गोली बदमाश के पैर में लगी।

# 13 लाख की शराब के साथ 1 तस्कर चढ़ा क्राइम ब्रांच गाजियाबाद पुलिस के हत्थे

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अवैध शराब तस्करी के एक बड़े मामले का पदार्फाश किया है। वेव सिटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 लाख रुपये की 150 पेटी अवैध शराब बरामद की है।

एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी नागेंद्र पिछले 6 महीने से शराबबंदी वाले राज्यों में अवैध शराब की तस्करी कर रहा था। वह पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से शराब खरीदकर बिहार और गुजरात में सप्लाई करता था। प्रत्येक शराब की खेप पहुंचाने के एवज में उसे 15,000 रुपये मिलते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस अवैध धंधे का मास्टरमाइंड अमरोहा का रहने वाला विक्की है, जो अभी फरार है। विक्की की गाड़ियों का इस्तेमाल शराब की तस्करी में किया जाता था और उसी के निर्देश पर शराब की खरीद और सप्लाई की जाती थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी कैंटर में विशेष जगह बनाकर शराब छिपाकर ले जाता था। फिलहाल पुलिस गैंग के मास्टरमाइंड विक्की और अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। यह कार्रवाई शराबबंदी वाले राज्यों में अवैध शराब की तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

# विराज आत्मनिर्भर प्रोजेक्ट को लेकर दिव्यांगों को वितरित किए कृत्रिम अंग



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 ने रविवार को जीवन आशा हास्पिटल एवं पुनर्वास केन्द्र मुरादनगर में रविवार को अपने विराज आत्मनिर्भर प्रोजेक्ट को लेकर दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों के वितरण किए। कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. प्रशान्त राज शर्मा ने किया।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की भावना, गतिशीलता की खुशी, आत्म-मूल्य की नवीनीकृत भावना की कल्पना करें जो फिर से चलने में सक्षम होने के साथ आती है। जिन लोगों ने अपने अंग खो दिए हैं, उनके लिए ये केवल विलासिता की वस्तुएं नहीं हैं, बल्कि एक गरिमापूर्ण जीवन के आवश्यक तत्व हैं को दृष्टिगत रखते हुए दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम हाथ व पैर लगाये जा रहें हैं। इस शिविर मे दिव्यागो को विश्वस्तरीय तकनीक से निर्मित कृत्रिम मायो इलेक्ट्रिक हैंड व मकैनिकल हैंड व कार्बन फाइबर से निर्मित सोकिट को मैकेनिकल घुटना, के साथ कार्बन फुट लगाकर तैयार कृत्रिम पैर लगाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। 225 व्यक्तियों को क्रत्रिम हाथ व पैरों को ना केवल लगाया जायेगा, बल्कि उन्हें इसके प्रयोग के लिये प्रशिक्षित भी किया जायेगा।

# जीसीए को मिली एआईओसीडी की संबंद्धता

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** डायमंड फ्लाईओवर स्थित होटल मैडेन रेजीडेंसी में रविवार को गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन (जीसीए) द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अखिल भारतीय संस्था ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी) से संबंध ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश (ओसीडी यूपी) के महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने बताया कि हम संगठन को मजबूती और गति देने के लिए प्रदेश के दौरे पर है। गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन (जीसीए) संस्था को अखिल भारतीय संस्था ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी) से संबद्धता मिल गई। सभी व्यापारियों को एकजुट होने की जरूरत है। बिना एकजुटता के कोई भी लड़ाई जीती नहीं जा सकती है। इसलिए व्यापार कोई भी हो, जब तक एकजुटता नहीं होगी तब तक कोई भी संगठन मजबूत नही हो सकता है। गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन आज एक मजबूत स्थिति में खड़ा है। इसलिए सभी जिले के व्यापारियों को भी अपने जनपद में एकजुट होने की आवश्यकता है। गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष पद का भार राजदेव त्यागी को और महामंत्री जयदीप गुप्ता, संरक्षक योगेश अग्रवाल, अशोक चौपड़ा, चेयरमैन मोहित गोयल, कोषाध्यक्ष आर पचौरी को बनाया गया है।

# फर्जी तरीके से बीएसएफ की वर्दी प्रोवाइड कराने वाले एक नटवर लाल गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा ,गाजियाबाद ।** गाजियाबाद (उप्र), नौ फरवरी गाजियाबाद जिले की इंदिरापुरम पुलिस ने लोगों से मोटी रकम लेकर उन्हें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की वर्दी और पहचान-पत्र जारी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। "आरोपी की पहचान 55 वर्षीय यार्दर्म आर्य के रूप में हुई है। वह ह्यवसुंधरा संरक्षण फाउंडेशन नामक एक संगठन संचालित करता है और अपने संगठन को बीएसएफ से जोड़कर लोगों को गुमराह करता था।" उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक वायरल वीडियो की जांच की तो पता चला कि आर्य का संगठन अपने सदस्यों को पुलिस जैसी वर्दी मुहैया करा रहा था, जिसमें कंधों पर तीन सितारों का प्रतीक चिह्न भी लगा था।

# कैबिनेट मंत्री ने किया उत्तराखंड सह-भोज सम्मेलन का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने रविवार को उत्तराखंड समाज के लिए उत्तराखंड सह-भोज सम्मेलन का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उत्तराखंड समाज के लोग उपस्थित रहे और अपनी समृद्ध संस्कृति के इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उत्तराखंड की पारंपरिक संस्कृति और खानपान की झलक देखने को मिली।

विशेष रूप से झंगुरे की खीर, मंडवे की रोटी, कंडाली का साग, पहाड़ी चटनी, गहत की दाल, आलू मैथी, पहाड़ी चावल, खीरे का रायता, चकोतरा जैसे पारंपरिक व्यंजनों ने सभी का मन मोह लिया। सम्मानित जनों को संबोधित करते हुए सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक भावनात्मक संबंध का नाम है। साहिबाबाद विधानसभा में उत्तराखंड समाज के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं, और यह समाज अपनी संस्कृति, परंपरा, वीरता, और निष्ठा के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग, हर समाज के उत्थान के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में जो विकास कार्य हो रहे हैं। उनमें उत्तराखंड समाज की भागीदारी सराहनीय है। उत्तराखंड के लोग न केवल अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि देश की सेवा में भी अग्रणी रहते हैं।

# आईपीएल द्वारा आईएमई कॉलेज में पीओसीएसओ का प्रशिक्षण सत्र आयोजित

वेलकम इंडिया




**गाजियबाद।** आई0एम0ई0 कॉलेज, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद में समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड कंपनी की संयुक्त परियोजना 'चुप्पी तोड़ - हल्ला बोल' के अंतर्गत दिनांक 08 फरवरी 2025 को पोक्सो एक्ट 2012 पर छात्रों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री रविराज सिंह इंस्पेक्टर साइबर क्राइम साहिबाबाद, एवं विशिष्ट अतिथि महिला चोकी टीम साहिबाबाद थाना, और श्री किशन गोइन्का, मेंटर ग्लोबल ग्रांट पार्टनर्स रोटरी क्लब/डायरेक्टर वशुंधरा बायो साइंस प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहे। समाधान अभियान की संस्थापक निदेशिका श्रीमती अर्चना अग्निहोत्री ने छात्रों को बाल यौन शोषण से बचाव और पोक्सो एक्ट-2012 के बारे के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार के यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹समय बदल गया है, टेक्नोलॉजी बहुत जरूरी है, लेकिन सतर्क रहना भी आवश्यक है, अन्यथा आप मुश्किल में पड़ सकते हैं।₹ उन्होंने पोक्सो एक्ट की जानकारी एवं बाल यौन शोषण की रोकथाम के लिए संस्था के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं छात्रों को बाल यौन शोषण के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथि गणों को आई0एम0ई0 कॉलेज के सहयोग से सम्मानित किया गया। संस्था की निदेशक श्रीमती अर्चना अग्निहोत्री ने सबका धन्यवाद किया और बच्चों को सुरक्षित रखने के तरीके सरल भाषा में समझाए। समाधान अभियान एक गैर-सरकारी संगठन है जो बच्चों के अधिकारों के लिए काम करता है। यह संगठन बाल यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने और पीड़ितों को सहायता प्रदान करने का कार्य करता है। इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड कृषि रसायन उत्पादों के निर्माण में एक अग्रणी कंपनी है । यह कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है।